

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 359 | ग्वालियर,सोमवार 09, सितंबर 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए



## न्यूज ट्रैक

### विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले ट्रैवल एजेंट भाई-बहन गिरफ्तार, घर से मिला 1.07 करोड़

**नई दिल्ली।** पंजाब के लुधियाना जिले से पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले एक ट्रैवल एजेंट भाई-बहन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके घर से तलाशी के दौरान 1.07 करोड़ रुपए की नकदी बरामद की है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 3 दिन के रिमांड पर भेज दिया गया है। शुभम अग्रवाल के अनुसार, अमित और वीनू मल्होत्रा का ठगी का तरीका अनोखा था। उन्होंने लुधियाना में ÷ग्लोबल वे इमीग्रेशन÷ नाम से एक ऑफिस खोल रखा था। यहां वे लोगों से वीजा लगने के बाद पैसे लेने का वादा करते थे। शुरुआत में वे पेपर पूरे करवाने के नाम पर दो लाख रुपए लेते थे। इसके बाद दस्तावेजों में कमी या फाइल रिजेक्ट होने की बात कहकर पैसे वापस नहीं करते थे। अधिकतर मामलों में, आरोपी फर्जी दस्तावेज दिखाकर वीजा के लिए अप्लाई करने वालों को बताते थे कि उनकी फाइल रिजेक्ट हो गई है और पैसे वापस नहीं होंगे। जो लोग उनके खिलाफ आवाज उठाते थे, उन्हें बाउंसरों के जरिए धक्के देकर बाहर निकाल दिया जाता था। भाई-बहन मिलकर सैकड़ों लोगों को ठगी का शिकार बना चुके हैं। एडीसीपी ने बताया कि वीनू के खिलाफ विदेश भेजने के नाम पर ठगी के तीन पर्चे पहले से दर्ज हैं। 25 दिन पहले संगरूर का एक दंपती पानी की टंकी पर चढ़ गया था। उनका आरोप था कि अमित और वीनू ने विदेश भेजने के नाम पर 18 लाख रुपये लिए थे लेकिन उन्हें विदेश नहीं भेजा। पुलिस इस मामले की अभी जांच कर रही है।

### विनेश और बजरंग पुनिया की राजनीति में एंट्री, थामा कांग्रेस का हाथ, विधानसभा चुनाव लड़ने की अटकलें तेज

नई दिल्लीः पिछले कुछ दिनों से जारी कयासों को विराम देते हुए ओलंपियन पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने शुक्रवार को कांग्रेस का 'हाथ थाम लिया। हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले सामने आए इस महत्वपूर्ण घटनाक्रम के बाद दोनों पहलवानों का चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है। हालांकि, कांग्रेस ने कहा कि इसका फैसला पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति करेगी। पार्टी महासचिव (संगठन) के सी वेणुगोपाल, पार्टी के हरियाणा प्रभारी दीपक बाबरिया, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सूरजभान, प्रवक्ता पवन खेड़ा और अन्य नेताओं की मौजूदगी में दोनों पहलवान कांग्रेस में शामिल हो गए। वेणुगोपाल ने दावा किया कि बुधवार को राहुल गांधी से मुलाकात के बाद रेलवे ने फोगाट को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पार्टी सूत्रों ने कहा कि नोटिस में राजनीतिक नेताओं से मिलकर सेवा नियमों का उल्लंघन करने की बात कही गई है। वेणुगोपाल ने पूछा कि क्या विपक्ष के नेता से मिलना अपराध है। साथ ही उन्होंने रेलवे अधिकारियों से फोगाट को कार्यमुक्त करने और 'राजनीति नहीं करने% का अनुरोध किया। यह पूछे जाने पर कि क्या फोगाट और पूनिया विधानसभा चुनाव लड़ेंगे, उन्होंने कहा कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति इस पर निर्णय करेगी। कांग्रेस में शामिल होने से पहले फोगाट और पूनिया ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की। पार्टी में शामिल होने के बाद फोगाट ने कहा कि भाजपा, बृजभूषण शरण सिंह का समर्थन कर रही है जबकि कांग्रेस ने प्रदर्शनकारी पहलवानों का साथ दिया और वह भी तब जब उन्हें दिल्ली में सड़कों पर घसीटा जा रहा था। पूनिया और फोगाट 2023 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ के तत्कालीन प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर हुए विरोध प्रदर्शन का हिस्सा थे। उन्होंने कहा, ''मैं देश के लोगों और मीडिया को धन्यवाद देती हूं, आपने मेरी कुश्ती यात्रा के दौरान मेरा समर्थन किया। मैं कांग्रेस पार्टी को धन्यवाद देना चाहती हूं। कहा जाता है कि बुरे समय में पता चलता है कि कौन अपना है। जब हमें सड़कों पर घसीटा जा रहा था, भाजपा को छोड़कर सभी दल हमारे साथ खड़े थे। उन्होंने कहा, ''आप (कांग्रेस) हमारे दर्द और आंसुओं को समझ पा रहे थे। मुझे गर्व है कि मैं एक ऐसी विचारधारा से जुड़ी हूं, जो महिलाओं पर हो रहे अन्याय के खिलाफ खड़ी है और सड़क से संसद तक उनके हक की लड़ाई लड़ने को तैयार है। उन्होंने कहा कि वह न तो डरने वाली हैं और न ही पीछे हटने वाली हैं। उन्होंने कहा, ''मामला अदालत में है और हम वहां भी जीतेंगे। फोगाट ने कहा, ''मैं जंतर-मंतर पर कुश्ती छोड़ सकती थी क्योंकि भाजपा का आईटी सेल प्रचार कर रहा था कि हम फुंके कारतूस हैं। उन्होंने कहा कि मैं नेशनल में नहीं खेलना चाहती थी, लेकिन मैंने खेला। उन्होंने कहा कि मैं ट्रायल में भाग नहीं लेना चाहती, लेकिन मैंने लिया... उन्होंने कहा कि मैं ओलंपिक में नहीं जा सकती, लेकिन मैं गई ...पर दुर्भाग्य से भगवान की कुछ और ही मर्जी थी। उन्होंने कहा कि वह नहीं चाहती हैं कि जिन परिस्थितियों का उन्हें सामना करना पड़ा, वह दूसरे खिलाड़ियों को करना पड़े। उन्होंने कहा, ''मुझे अपने देश के लोगों की सेवा करने का मौका दिया गया है, यह एक नई पारी है। एक खिलाड़ी के रूप में हमने जो कुछ झेला, मैं नहीं चाहूंगी कि कोई अन्य खिलाड़ी इससे गुजरे।

### जेयूः सिने संस्कृति से जुड़ने के आह्वान के साथ चंबल फिल्म फेस्टिवल का समापन




ग्वालियर। सिनेमा के सरोकारों की सीख देते हुए दो दिवसीय आठवें चंबल इंटरनेशनल फिल्म समारोह का रंगारंग समापन रविवार को हो गया। इस दौरान विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। कलाकारों के प्रदर्शन ने मन मोह लिया। आयोजन के दूसरे दिन भी फेस्टिवल की ज्यूरी द्वारा पुरस्कृत फिल्मों का प्रदर्शन जारी रहा।फेस्टिवल से भविष्य में पर्यटन और फिल्म निर्माण दोनों में ही ग्वालियर का फायदा होगा। कई देशी-विदेशी फिल्मकार अपनी फिल्मों की शूटिंग करने ग्वालियर की ओर आकर्षित हुए है।समापन समारोह में डायरेक्टर अभिक भानु ने देश के छोटे नगरों तथा गांवों में सिनेमा के माध्यम से संस्कृति, साहित्य, संगीत एवं परस्पर सहयोग एवं सद्भाव के विकास व प्रसार-प्रचार पर विशेष रूप से बल दिया

# खाते में जमा करेंगे 1,574 करोड़ रुपये आज सीएम मोहन यादव लाड़ली बहनों के

भोपाल। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के हितग्राहियों के खातों में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सिंगल क्लिक के माध्यम से सोमवार को 1,906 करोड़ रुपये जमा करेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम सागर जिले के बीना में होगा। इसके साथ ही विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण भी किया जाएगा। बीना को जिला बनाने की मांग के बीच होने जा रहे इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम को लेकर आगामी उपचुनाव की तैयारी से भी जोड़कर देखा जा रहा है। बीना से कांग्रेस विधायक निर्मला सप्रे लोकसभा चुनाव के समय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की उपस्थिति में हुए कार्यक्रम में भाजपा में शामिल होने की घोषणा कर चुकी हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों का कहना है कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का राज्य स्तरीय




कार्यक्रम अलग-अलग जिलों में आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में अब यह सागर जिले के बीना में सोमवार 9 सितंबर को हो रहा है। इसमें मुख्यमंत्री 1.29 करोड़ बहनों के खातों में 1,574 करोड़ रुपये की राशि अंतरित करेंगे। इसी कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों के खाते में 332 करोड़ रुपये अंतरित किए जाएंगे। कार्यक्रम में अन्य विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण भी होगा।

**लाड़ली बहनों के खाते में जमा हुए इतने रुपये**-उल्लेखनीय है कि अभी तक लाड़ली बहना योजना में लाड़ली बहनों को 24,499 करोड़ और सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों को 3 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि उनके खातों में जमा मिल चुकी है।

## शिक्षा से ही हर समाज आगे बढ़ेगा, अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाएं : गोविंद सिंह राजपूत

### राहतगढ़ में लव कुश जयंती के कार्यक्रम में शामिल हुए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री, मंत्री की नसीहत, हम सब परिवार की तरह रहे, अपने समाज तथा देश का विकास करें

भोपाल। किसी भी समाज को आगे बढ़ाने तथा उसका विकास करने के लिए शिक्षा जरूरी है, इसलिए अपने बच्चों को अच्छे से अच्छी शिक्षा प्रदान करें ताकि हमारा समाज और आगे बढ़े। उक्त विचार खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने राहतगढ़ में आयोजित लवकुश जयंती महोत्सव में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किया। खाद्य मंत्री श्री



राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कुशवाहा समाज के लिए अनेकों योजनाएं चलाई है।भाजपा में कई बड़े पदों पर कुशवाहा समाज के लोग हैं । हमारी सांसद डॉक्टर लता वानखेड़े कुशवाहा समाज की बेटी हैं । भाजपा ने हमेशा कुशवाहा समाज के लिए कार्य किया है और कुशवाहा समाज हमेशा भाजपा के साथ रहा है।

### नई दिल्लीः पूर्व चुनाव आयुक्त अरुण गोयल को क्रोएशिया में भारत का राजदूत नियुक्त किया गया है

दिल्ली हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव की घोषणा के ठीक एक हफ्ते पहले गोयल ने अचानक से श्वष्ट से इस्तीफा दे दिया था। उन्हे भारी उद्योग मंत्रालय के सचिव पद से रातों रात चुनाव आयोग लाया गया था, लेकिन चुनाव शुरू होने के पहले अज्ञात कारणों से उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। अब




उन्हें क्रोएशिया का एंबेसडर बना दिया गया है, गोयल पंजाब कैडर के 1985 बैच के आईएएस रहे हैं। वैसे ये पद आईएफएस अधिकारी धारण करते हैं और अभी वहां 1997 बैच के आईएफएस राजेश श्रीवास्तव तैनात हैं, जिनका तबादला कर दिया गया है।

### बदमाशों और गुंडों में दिल्ली पुलिस का डर खत्म हो गया है। इसका एक जीता जागता उदाहरण सामने आया है।

**नई दिल्लीः** राजधानी दिल्ली में पांच सितंबर की रात बेखौफ बदमाश पूर्वी दिल्ली के सीमापुरी स्थित क्लब पहुंचे और गेट पर तैनात बाउंसर्स को घुटनों के बल बैठने को कहा। बंदूक की नोक पर चार से मे तीन बदमाश क्लब के अंदर घुस गए। इस दौरान एक बदमाश ने बाउंसर्स को घुटनों पर बैठने के लिए मजबूर कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार, एक दर्जन से ज़्यादा राउंड फायरिंग की गई। चश्मदीदों के अनुसार, महिला बाउंसर को बंदूक की नोक पर पकड़ लिया गया और उसके सिर पर बंदूक रखी गई थी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सीमापुरी पुलिस थाने का एक दल घटनास्थल पर पहुंचा और क्लब के बाहर सड़क पर दो कारतूस और आठ खाली खोखे बरामद किए। उन्होंने बताया कि क्लब के दरवाजे पर गोली लगने के दो निशान थे। क्लब के बाउंसर द्वारा दर्ज करायी शिकायत के अनुसार, शुक्रवार रात लगभग 11 बजकर 45 मिनट पर क्लब में चार पुरुष पहुंचे।पुलिस ने बताया कि शनिवार की देर रात 12 बजकर 59 मिनट पर पुलिस को झिलमिल औद्योगिक क्षेत्र में स्थित कांच क्लब के बाहर गोलीबारी के बारे में सूचना मिली। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सीमापुरी पुलिस थाने का एक दल घटनास्थल पर पहुंचा और क्लब के बाहर सड़क पर दो कारतूस और आठ खाली खोखे बरामद किए।

## भूपेंद्र हुड्डा ने महिलाओं के., विनेश फोगाट को लेकर बृजभूषण सिंह का बड़ा आरोप, बजरंग पूनिया की चुनौती पर क्या कहा?

भारतीय पहलवान विनेश फोगाट-बजरंग पूनिया के कांग्रेस में शामिल होने के बाद से पूर्व भारतीय कुश्ती संघ अध्यक्ष और बीजेपी नेता बृजभूषण शरण सिंह ने जुबानी जंग छेड़ दी है. बीजेपी नेता ने इस बार कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर हमला बोला है. उन्होंने कहा कि हुड्डा ने महिलाओं के सम्मान पर दांव लगाकर खेला है, इसके लिए उन्हें देश माफ नहीं करेगा.बृजभूषण शरण सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर निशाना साधते हुए कहा, ÷महाभारत में पांडव ने द्रोपदी को दांव पर लगाया था, इसके लिए उन्हें आज तक माफ नहीं किया गया है. ऐसे ही भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने महिलाओं के सम्मान पर दांव लगाकर खेला है, इसके लिए उन्हें देश माफ नहीं करेगा.÷बृजभूषण शरण सिंह ने शनिवार को मीडिया से कहा, ÷18 जनवरी 2023 में जब जंतर-मंतर पर धरना प्रारंभ हुआ था तो मैंने पहले दिन कहा था कि यह खिलाड़ियों का आंदोलन नहीं है, इसके पीछे कांग्रेस है. विशेषकर भूपेंद्र हुड्डा, प्रियंका गांधी, राहुल गांधी. आज यह बात सच साबित हुई कि इस पूरे आंदोलन में जो हमारे खिलाफ



षड्यंत्र के तहत किया गया, उसमें कांग्रेस शामिल थी और इसका नेतृत्व भूपेंद्र हुड्डा कर रहे थे.÷

**बजरंग पूनिया के बयानों पर किया पलटवार**-वहीं बजरंग पूनिया के बयानों पर पलटवार करते हुए बृजभूषण शरण सिंह ने कहा, ÷मैं हरियाणा में आता-जाता रहता हूं, मौका मिलेगा तो फिर जाऊंगा. दरअसल, बजरंग पूनिया ने बृजभूषण शरण सिंह के विनेश फोगाट के खिलाफ चुनाव प्रचार वाले बयान पर कहा है कि आपमें हिम्मत है तो आप खूब प्रचार करो. हम कब मना कर रहे हैं. जनता कैसे आपका स्वागत करेगी वो आप विनेश के खिलाफ चुनाव प्रचार में आकर देखो.÷

### लखनऊ हादसे की जांच के लिए 3 सदस्यीय समिति गठित, सीएम योगी ने अस्पताल में घायलों से की मुलाकात



लखनऊ के ट्रांसपोर्ट नगर में एक इमारत ढहने के मामले में अब तक 8 लोगों की मौत और 28 लोगों के घायल होने की खबर है. इस मामले में बिल्डिंग मालिक के खिलाफ केस भी दर्ज कर लिया गया है. इसी बीच, प्रदेश के मुख्यमंत्री ने घायलों से मुलाकात की. वहीं सीएम योगी ने लखनऊ हाजसे की गहन जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित कर दी है. यह समिति जांच कर अपनी जांच रिपोर्ट यथाशीघ्र शासन को प्रस्तुत करेगी.सीएम योगी ने एक्स पर लिखा- ÷जनपद लखनऊ के सरोजनीनगर में व्यावसायिक भवन गिरने की दुःखद घटना की गहन जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित कर दी गई है. जांच समिति घटना के कारणों की समग्र रूप से जांच कर अपनी जांच रिपोर्ट यथाशीघ्र शासन को प्रस्तुत करेगी.÷

बता दें कि रविवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकबंधु अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना. सीएम योगी ने डॉक्टरों से भी बात की और घायलों के बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए. इस दौरान सरोजनी नगर विधायक राजेश्वर सिंह भी मौजूद रहे. ज्ञात हो कि, सरोजनी नगर थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में शनिवार शाम एक बिल्डिंग गिर गई थी. यह बिल्डिंग करीब चार साल पहले बनाई गई थी. जानकारी के अनुसार, बिल्डिंग में ग्राउंड फ्लोर पर फिलहाल कुछ काम चल रहा था. इसी दौरान इमारत अचानक भरभराकर गिर गई.राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि रेस्क्यू अभियान के दौरान रविवार को तीन और लोगों के शव बरामद किए गए हैं. इस हादसे में अब तक आठ लोगों की मौत हुई है. मृतकों में जसप्रीत सिंह साहनी, धीरज गुप्ता, पंकज तिवारी, अरुण सोनकर, राकेश लखन पाल, राज किशोर, रुद्र यादव और जगरूप सिंह शामिल हैं.

# ढोल नगाड़ों के साथ गजानन का स्वागत, चित्रों में विशेष पूजा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता पहलवान सिंह राजावत**

मालनपुर/ शुभकर्ता, विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणेश के जन्मोत्सव पर शनिवार को विशेष आरती एवं पूजा एवं प्रतिमा स्थापित के साथ शुभारम्भ हो गया। 10 दिन तक चलने वाले महोत्सव को लेकर समर्थकों में उत्साह है। नगर में 6 स्थानों पर गजानन कि सार्वजनिक मूर्ति स्थापित कि गई हैं। वहीं सैकड़ों लोगों ने घर में भी छोटे-छोटे दरबार सजाए हैं गणेश भक्त स्थापना के लिए प्रतिमाएं लेकर दिन भर चल रहे हैं। कोई टमटम पर, कोई कार में, कोई स्कूटी पर कोई ट्रैक्टर, कोई छोटा हाथी, लंबोदर की प्रतिमाएं लेकर आए। शाम के समय मंत्रोचार एवं विधि विधान से प्रतिमाओं की स्थापना एवं विशेष पूजा एवं आरती का आयोजन किया गया। एवं मंदिरो महोत्सव हुआ। पहले सुबह सात बजे से रात आठ बजे के बीच गणेश महोत्सव का उद्घाटन मंदिरों में मावा का केक काट कर की



प्रस्तुति की। लेबर चोक पर बने हनुमान ग्वालियर पिंटू पार्क मंदिर के पुजारी संजय तिवारी ने विशेष गणेश प्रतिमा की समरूप आरती और पूजा की। इसके बाद भक्तों ने गणेश वंदना कर दीपक जलाए। मंदिर को इस बार बेहद आकर्षक तरीके से लागू किया गया है।इन घरों में सजाए गए गजानन दरबार गणेश महाउत्सव के दौरान नगर में 6 से अधिक स्थानों पर प्रतिमाएं स्थापित की गईं। मालनपुर हाईवे, खुमान का पूरा, तिलोरी,कुशवाह कालोनी, शिवाजी पब्लिक स्कूल, शर्मा होटल के सामने पंप पर, सहित दो दर्जन से अधिक स्थानों पर प्रतिमाएं स्थापित कर गजानन भक्ति शुरू की गई है। रविवार से सुबह-शाम दरबारों में विशेष पूजा-आरती के साथ प्रसाद वितरण का शुभारंभ किया भक्तों ने विशेष पूजा एवं आरती का आयोजन किया गया नगर की जगह जगह गणेश प्रतिमा की स्थापना हुई है प्रतिमा लेकर आए मालनपुर के समीप स्थित शिवाजी पब्लिक स्कूल में शाम के वक्त प्रतिमा स्थापना के साथ भक्तों ने आरती एवं पूजा की। उसके बाद शाम आठ बजे से नियमित आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।

# बरोही पुलिस द्वारा रंगदारी व हवाई फायर करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**पंकज त्रिपाठी ब्यूरो चीफ दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक डॉ.असित यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देशन में अवैध हथियार दिखाकर रंगदारी करने व हवाई फायर करने वाले आरोपियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्राप्त हुये थे । दिनांक 03/09/24 को फरियादिया लौंगश्री नरवरिया ने थाना पर रिपोर्ट की,कि उसके लडके राजू नरवरिया पर चार व्यक्तियों ने अवैध हथियार दिखाकर रंगदारी की नीयत से हवाई फायर किया जिस पर थाना हाजा पर अपराध क्र. 104/24 धारा 296, 125,




351(3), 3 (5) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । डीएसपी हेडक्वार्टर दीपक तोमर के मार्गदर्शन में मामले की गम्भीरता को देखते हुए आरोपीगणों की गिरफ्तारी हेतु उनके सभी संभावित स्थानों एवं रिश्तेदारों के यहां दबिश दी गई । दिनांक 07/09/24 को मुखबिर की सूचना पर से एक आरोपी को राधारानी होटल पिडौरा से गिरफ्तार किया गया । आरोपी द्वारा घटित अपराध के बारे में बताया तो आरोपी ने जुर्म करना स्वीकार किया एवं आरोपी द्वारा घटना में प्रयुक्त एक 315 बोर की अधिया, एक 315 बोर का खाली खोखा व एक टीवीएस राइडर मो. सा. मुताबिक मेमोरेण्डम आरोपी के घर से जप्त कर धारा 25 (1- बी ) ए आर्म्स एक्ट का इजाफा किया गया। बाद गिरफ्तार शुदा आरोपी को न्यायालय भिंड में पेश किया गया है।

उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी बरोही उप निरीक्षक अतुल सिंह भदौरिया,सहायक उपनिरीक्षक नरेश सिंह जादौन,प्रधान आरक्षक त्रिवेन्द्र सिंह,आरक्षक अनिल तोमर, अर्जुन परिहार, समरजीत सिंह,दीपक जैन, अरविन्द रावत,जयशंकर सिंह,आरक्षक चालक गिर्राज शर्मा,सैनिक अरविन्द यादव की सराहनीय भूमिका रही।

## मुख्यमंत्री के पिता स्व. श्री पूनम चंद्र यादव को यदुवंशी संगठन ने श्रद्धांजलि अर्पित की

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के पिता स्व. श्री पूनम चंद्र यादव को यादव समाज यदुवंशी संगठन द्वारा वृद्धा आश्रम में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई । श्रद्धांजलि सभा में संभागीय अध्यक्ष अंशू यादव ने कहा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा संदेश दिया गया था,कि मृत्यु भोज को बंद किया जाए । इसी क्रम में एक नई पहल को यादव समाज यदुवंशी संगठन द्वारा एक नया संदेश देते हुए असहाय एवं वृद्ध जनों को प्रसादी ग्रहण कराई गई । यादव समाज के सभी बंधुओ वरिष्ठजनो से यही अपील करते हैं कि मृत्यु भोज बंद कर गरीब असहाय लोगों को भोजन की जरूरत है,ऐसे लोगों को भोजन कराएं जिससे ऐसे वृद्धजनों के आशीर्वाद से आत्मा को शांति प्राप्त हो इस मौके पर रामनरेश यादव सेक्रेटरी, राजेंद्र यादव,समाजसेवी राजेश सिंह यादव,समाजसेवी सुषमा यादव,सपा नेत्री टुडे यादव,भूरे यादव पार्षद, बृजेश यादव,बबलू यादव,एड. सर्वेश यादव अनिल यादव,सत्येंद्र यादव पत्रकार, मनीष यादव,अंशु यादव,डॉ दीपक यादव,धर्म सिंह यादव,एलिस यादव,अनुज यादव,छोटू यादव,अमन यादव,अजीत यादव एवं सभी गणमान्य लोक उपस्थित रहे।



# विश्व साक्षरता दिवस - शिक्षा जागरूकता अभियान




अंबाह 8 सितंबर 2024 को अंबाह पी.जी कॉलेज अंबाह की रासेयो इकाइयों द्वारा लुधावली ग्राम की आंगनवाड़ी में शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. विश्वास मेढेकर के निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम जनों को साक्षरता के महत्व और इसके लाभ के बारे में जागरूक करना है। साक्षरता की ताकत किसी घर, परिवार, समाज और देश के विकास की नींव को मजबूत करती है। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यक्रम अधिकारी डॉ रक्षा कम्ठान ने कहा । आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती रेखा तोमर एवं डॉ पूर्णिमा अग्रवाल तथा स्वयंसेवकों ने शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया, कि कैसे हम शिक्षा से अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं और अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं इसके साथ ही उपस्थित सभी बच्चों को शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण महिला सदस्य श्रीमती मंजीता , श्रीमती गीता श्रीमती पुनिया कुशवाहा ,श्रीमती मालती एवं वरिष्ठ स्वयंसेवकों में शिव शक्ति केशबिन ,शिवानी ,खुशबू, निधि, प्रभाकर, प्राची,तारावती आदि उपस्थित रहे।

# सीरवी समाज सूरत समाज भवन में प्रतिभाओं को पुरस्कार देकर किया समानित

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

**सूरत।** सीरवी समाज सूरत में रविवार को 37 वां प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यहां युवा प्रतिभाओं को उनकी शैक्षणिक और सांस्कृतिक उत्कृष्टता के लिए पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित से हुआ। इस मौके पर अध्यक्ष हेमाराम पंवार ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उनकी प्रतिभा को पहचानने के लिए आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय मे समाज और तेज गति से प्रगति करे ऐसी आशा व्यक्त की गई। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि घनश्याम सोनी आईआरएस एनसीबी.उपस्थित रहे। और शिक्षा के महत्व के बारे में आने वाली पीढ़ी को अवगत कराते हुए उन्होंने कहा की शिक्षा संस्कार और समझदारी ये तीन जीवन के मंत्र है आपने अगर यह तीन मंत्र अपना लिए तो आपको जीवन में किसी भी विषय में सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि समाज भी अपना खुद का एक शिक्षा मंदिर तैयार करें जिससे आने वाली पीढ़ी अपना



भविष्य तय कर सके और युवा पीढ़ी से खास आग्रह किया की नशे से दूर रहें तो भविष्य उज्ज्वल है उन्होने एक नारा दिया ÷जीवन को हां नशे को ना ÷ उसके बाद रुगाराम ने भी अपने विचार व्यक्त किए उन्होंने कहा कि समाज शिक्षा के प्रति समर्पित है और आने वाले समय में पूरी समाज कमेटी मेंबर को विश्वास देती है कि आप शिक्षा में आगे बढ़िए हम पूरी समाज आपको तन मन धन से सहयोग देंगे। सचिव भंवरलाल भायल ने सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया और समाज बंधुओ को विश्वास दिलाया कि शिक्षा संबंधित विषय पर थोड़े समय में विचार विमर्श करके आगे की रूपरेखा तैयार करेंगे। उन्होनें कहा कि सीरवी समाज हमेशा युवा प्रतिभाओं के उत्थान के लिए काम करता रहेगा। सचिव संजय राठौड़ ने आज शमशान भूमि कडोदरा में महादेव जी की मूर्ति का अनावरण हुआ उसके बारे में समाज को अवगत कराया। उन्होंने शिक्षा के बारे विचार व्यक्त किए और कहा की शिक्षा उस शेरनी का दूध है जो पिएगा वो कही भी दहाड़ेगा इसलिए शिक्षा जरुरी है। मीडिया प्रभारी पेमाराम चोयल ने जानकारी दी कि आज 470 पुरस्कार दिए गए इसमें मास्टर डिग्री 13 डिग्री 23 रनिंग डिग्री 40 पीजी में 6 व मेडिकल विभाग ने डॉक्टर 1 एमबीबीएस 5 एस एमएस 1 बीटेक 3 फिजियोथैरेपी एक और बी कॉमर्स एक सी ए एक और खेलकूद मेंम्बर भी इस वर्ष पुरस्कर दिया गया सभी बच्चो का उत्साह देखने लायक था।

# ग्राम बिजपुरी में मुक्तिधाम की बाउंड्रीवाल का पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मिथलेश कुशवाह ने भूमि पूजन किया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह की धर्मपत्नी जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती मिथलेश कुशवाह ने ग्राम पंचायत बिजपुरी में 10 लाख की लागत से बनने वाली मुक्तिधाम बाउंड्रीवॉल का भूमि पूजन किया । इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री उपेंद्र सिंह भदौरिया बृजेंद्र सिंह कुशवाह,देवेंद्र जैन एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे । इस अवसर पर श्रीमती कुशवाह ने कहां की केंद्र और राज्य की भाजपा की सरकार विकास के कार्य कर रही है,विधानसभा क्षेत्र में विकास की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी जिस प्रकार आपने नरेंद्र सिंह कुशवाह विधायक को बनाकर आशीर्वाद प्रदान किया है,मैं आपसे वादा करती हूं की हमेशा आपके सुख- दुख में खड़े रहेंगे । आपने उन्होंने कहा की बिजपुरी गांव अब नगर निगम की सीमा से जुड़ने जा रहा है,इससे ओर अधिक विकास होगा ।



# बिजली कंपनी में पदस्थ कनिष्ठ यंत्री के भ्रष्टाचार की कार्य गुजारियों से मची त्राह त्राह

### 12 सितंबर को मौ गोलंबर पर किसानों का धरना प्रदर्शन जन आक्रोश सभा

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे**

भिंड - मौ। मध्यप्रदेश किसान सभा के जिला महासचिव राजेश शर्मा ने प्रेस को जारी बयान में बताया कि मौ क्षेत्र में बिजली कम्पनी में पदस्थ लोकेन्द्रसिंह राणा की भ्रष्टाचार की कारगुजारियों से त्राहि त्राहि मची हुई है। बिजली चौरी के झूठे प्रकरण



बनाने की धमकी देना, फिर उन उपभोक्ताओं से मोटी रकमें ऐंठना आम बात बन चुकी है। किसान नेता ने कहा कि पिछले 3,4 महीने में 250 से 300 बिजली चौरी के झूठे प्रकरण बनाऐ जा चुके हैं। इस भ्रष्ट कनिष्ठ यंत्री की कारगुजारियों की शिकायत मौ क्षेत्र की जनता सत्ता पार्टी के नेता जिसमें 2 मंत्री, एवं जिले के बड़े प्रशासनिक अधिकारी से कर चुकी हैं। सत्ता पार्टी के नेता और अधिकारी भी जानते हैं कि यह कनिष्ठ यंत्री भ्रष्ट हैं। लेकिन फिर भी इसके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हो रही। क्योंकि यह कनिष्ठ यंत्री जनता से की गई लूट का बड़ा हिस्सा ऊपर पहुंच रहा है। इस बजह से इस कनिष्ठ यंत्री के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हो रही।

# विश्व फिजियोथैरेपी दिवस के उपलक्ष्य पर नि :शुल्क फिजियोथैरेपी शिविर एवं फिजियोथैरेपिस्ट चिकित्सक सम्मान कार्यक्रम आयोजित



**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर। विश्व फिजियोथैरेपी दिवस के उपलक्ष्य पर आरोग्यधाम चिकित्सा एवं अनुसंधान केन्द्र एवं मातृत्व जन आरोग्य एवं शिक्षा प्रचार समिति के सहयोग तथा कस्तूरबा विश्रांति भवन न्यास के द्वारा निःशुल्क फिजियोथैरेपी शिविर एवं फिजियोथैरेपिस्ट चिकित्सक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया ।। जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती अंजू अरुण कुमार जी एडीएम ग्वालियर तथा विशिष्ट अतिथि श्रीमती सुमन गुर्जर जी स्क्, क्ष्क्षर तिगरा, डॉक्टर श्रीप्रकाश लोहिया जी न्यासी कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री नवल किशोर शुक्ला जी एवं कार्यक्रम संयोजक श्री जगदीश प्रसाद जी शर्मा प्रबंध न्यासी उपस्थित रहे ।।। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर की एवं मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि जी ने समाज में फिजियोथेरेपिस्ट एवं चिकित्सा क्षेत्र में फिजियोथैरेपिस्टों की महत्वता को बताया एवं यह जानकारी दी प्रत्येक मरीज को फिजियोथैरेपी की आवश्यकता रहती है फिजियोथैरेपी फिजिकल नहीं मेंटली और साइकोलॉजी के तौर पर भी चिकित्सा प्रदान करती है सभी फिजियोथैरेपिस्टों को शुभकामनाएं देते हुए श्री नवल किशोर जी शुक्ला ने बताया कि यह वह समूह है जो विकलांग को भी इस लायक बना सकता है कि वह पहाड़ को भी पार कर जाए ।। ऐसे प्रेरणादायक उद्बोधनों के बाद क्रमशः फिजियोथैरेपिस्टों का सम्मान किया गया कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर सूर्यकांत अग्निहोत्री ने किया ।।।। निःशुल्क शविर में 80 मरीजों ने अपना शारीरिक परीक्षण कराया कार्यक्रम के दौरान समिति की ट्रस्टी श्रीमती मीणा सचान जी न्यासी , सुरेश मित्तल जी, संदीपा मल्होत्रा जी, दिनेश तिवारी प्रबंधक कार्यक्रम के दौरान डॉ रजनीश नीखरा , डॉ दिनेश गुर्जर,डॉ विक्रांत अवस्थी,डॉ विश्व आकाश जैन, डॉ दीपक पाठक, डॉ तुषार घोड़के, डॉ गौरव त्रिपाठी, डॉ गरिमा गर्ग, डॉ शशांक भटनागर, डॉ भारत भूषण, डॉ विकास सविता, डॉ हेमेंद्र यादव, डॉ अभिषेक यादव, डॉ सूर्यकांत अग्निहोत्री, डॉ रोहित,डॉ विनोद, डॉ रवि, डॉ वी एस परमार,डॉ उत्तम शर्मा, डॉ दिनेश, डॉ जयलता, डॉ प्रतिभा, डॉ उमेश,डॉ भारती, डॉ नेहा, डॉ दीपक, डॉ कीर्ति, डॉ डोली, डॉ प्रियंका, डॉ दीक्षा, डॉ श्रेया, डॉ योगेश, डॉ सुनील माक्षी, कौशल , मुस्कान सभी चिकित्सकों को सम्मानित किया गया ।डॉ रजनीश नीखरा ने सभी का आभार प्रदर्शन किया ।

# गुर्जर सम्राट मिहिर भोज महान की जयंती पर गुर्जर गौरव यात्रा आज कई जगह होगा स्वागत







**उमाकान्त शर्मा दैनिक पुष्पांजली टुडे**

मेहगांव ।गुर्जर सम्राट मिहिर भोज महान की जयंती के उपलक्ष में चलाए जा रहे थे पूरे महा कार्यक्रम के तहत आज दिनांक 9 सितंबर को गोरमी क्षेत्र के सुकाड आरोली से प्रातः 9־00 से गुर्जर गौरव यात्रा निकल जाएगी जो की वीजासेन माता मंदिर से चलकर मेहगांव गोरमी चौराहा भिंड तिराहा पानी की टंकी जागरण एकेडमी स्कूल होते हुए गाता इकोरी कैथोदा से निकलती हुई गोहद बस स्टैंड पर पहुंचेगी जहां उक्त यात्रा रैली के साथ आम सभा में तब्दील हो जाएगी यहां बता दें कि इस दौरान मेहगांव व गोरमी कस्बे में यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया जाएगा जिसमें यहां बता दे कि उक्त यात्रा में भर मुख्य अतिथि श्री रविंद्र भाटी मौजूद रहेंगे साथ ही इसके मेहगांव कस्बे में भिंड चौराहे पर राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला के पुत्र अभिषेक शुक्ला के द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा इसके पश्चात पानी की टंकी के पास पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अजमेर सिंह गुर्जर जागरण शिक्षा अकैडमी पर राजवीर गुर्जर के साथ ही यात्रा आगे की ओर बढ़ती हुई गाता गितौर इकौरी कैथोदा होते हुए गोहद बस स्टेंट पहुंचेगी जहां आम सभा की सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है साथ ही वहां आम सभा संबोधन के बाद स्थानीय प्रशासन के एसडीएम को गुर्जर समाज के जनअपनी मांगों को लेकर ज्ञापन भी प्रस्तुत करेगा

# ज्योतिषाचार्य सुनील चोपड़ा ने बताया कि भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि के दिन गणेशजी का मध्याहन में जन्म हुआ था।

इसलिए गणेश जी की मूर्ति की स्थापना भी मध्याहनव्यापिनी तिथि में ही किया जाता है। मध्याहनव्यापिनी मतलब दोपहर के समय में गणेशजी की मूर्ति की स्थापना करें।

**गणेश जी की स्थापना का शुभ मुहूर्त**–वैदिक पंचांग के अनुसार, 11 बजकर 03 मिनट से लेकर दोपहर 01 बजकर 34 मिनट के बीच भगवान गणेश की स्थापना की जाएगी। इस दिन सुबह का पूजा समय 7 बजकर 45 मिनट से लेकर 9 बजकर 18 मिनट तक का है। वहीं, शाम को 6 बजकर 37 मिनट से रात को 8 बजकर 4 मिनट तक का समय बेहद लाभकारी माना जा रहा है।यह उत्सव 17 सितंबर को गणेश विसर्जन के साथ संपन्न होगा, जो भगवान गणेश को विदाई का प्रतीक है।घर में गणपति जी बैठाने की पूजा विधि और स्थापना नियमभगवान गणेश की मूर्ति को उत्तर-पूर्व कोने में स्थापित करना चाहिए और उसका मुख उत्तर दिशा की ओर होना चाहिए।भगवान गणेश की मूर्ति को आसन पर स्थापित करने से पहले उसे अच्छी तरह से साफ करें और गंगाजल छिड़क कर पवित्र करें।आसन को शुद्ध करने के बाद लाल कपड़ा बिछाएं और उस पर अक्षत रखें



■ सत्येंद्र रंजन

# हम हैरिस की जीत चाहें या ट्रंप की?

यह घटनाक्रम विचित्र है। जब से अमेरिका में 2024 का चुनाव-चक्र शुरू हुआ, जनमत सर्वेक्षणों में डॉनल्ड ट्रंप की बड़ी बढ़त बनी हुई थी। सीएनएन टीवी चैनल पर राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ उनकी बहस के बाद तो यह अंतर इतना बढ़ गया कि डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए उसे पाट पाना लगभग नामुमकिन दिखने लगा। इसे देखते हुए डेमोक्रेटिक पार्टी बीच राह में उम्मीदवार बदलने को मजबूर हुई। पार्टी ऐस्टेबलिशमेंट ने बाइडेन को मैदान से हटने के लिए विवश किया और उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस को उम्मीदवार बनाया। उसके बाद जनमत सर्वेक्षणों और मीडिया कवरेज में चमत्कारिक बदलाव आया। अब चुनाव पूर्व अधिकांश सर्वेक्षणों में न सिर्फ हैरिस की बढ़त बनी हुई है, बल्कि यह बढ़ती ही जा रही है।

आखिर हैरिस की शख्सियत में इतना करिश्माई क्या है? उनके समर्थक प्रमुख रूप से इसके दो कारण बताते हैः

- हैरिस महिला हैं। जिस चुनाव गर्भपात अधिकार को डेमोक्रेट्स ने एक प्रमुख मुद्दा बनाया है, उसके बीच उनका 'प्रगतिशील' महिला होना चुनावी लिहाज से फायदेमंद हुआ है।
- हैरिस की पारिवारिक पृष्ठिभूमि मिश्रित है। वे भारतीय मूल की हिंदू हैं, जिनके पिता कैरिबियन मूल के मार्क्सवादी थे और जिन्होंने एक ईसाई से शादी की। इस तरह डेमोक्रेटिक पार्टी जिस सांस्कृतिक बहुलता की नुमाइंदगी का दावा करती है, उसका वे एक परफेक्ट चेहरा हैं।

मगर हैरिस के साथ कुछ नकारात्मक पहलू भी हैं।

- सबसे पहला पहलू तो यही है कि डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार चुनने की प्रक्रिया- प्राइमरी- में उन्हें एक भी वोट हासिल नहीं हुआ। यानी उन्हें प्रत्याशी पार्टी के व्यापक ढांचे ने नहीं, बल्कि पार्टी नौकरशाहों और लॉबिस्ट्स ने चुना है।
- 2020 के चुनाव के दौरान हैरिस ने अवश्य प्राइमरी में हिस्सा लिया था। लेकिन तब उनके समर्थन का स्तर इतना कम था कि जिन उम्मीदवारों ने सबसे पहले अपना दावा वापस लिया, उनमें एक हैरिस भी थीं। बाद में जो बाइडेन ने उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि से संभावित सियासी लाभ की गणना करते हुए उन्हें अपना चुनावी साथी बनाया।
- हैरिस के भाषण का अंदाज विकर्षक माना जाता है। उनका अपना कोई विशेष प्लेटफॉर्म (नीति एवं कार्यक्रम) नहीं है। इस रूप में वे ओबामा-बाइडेन प्रशासनों की एक कार्बन कॉपी हैं। बाइडेन की डिप्टी होने के कारण वर्तमान प्रशासन की नाकामियों का बोझ भी उन पर है।
- उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि श्वेत और कंजरवेटिव बहुमत वाले राज्यों में डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए लाभ के बजाय नुकसान का सौदा साबित हो सकती है।

यानी पॉजिटिव्स (सकारात्मक पहलू) और निगेटव्स (नकारात्मक पहलू) समान रूप से मौजूद हैं। तो फिर अचानक यह मूड परिवर्तन का जादू कैसे हुआ? क्या सचमुच रॉबर्ट एफ। केनेडी (मशहूर केनेडी परिवार से संबंधित डेमोक्रेट नेता, जिन्होंने अब डॉनल्ड ट्रंप को समर्थन देने का एलान किया है) के इस दावे में दम है कि मतदाताओं के निर्णय को प्रभावित करने के मकसद से ओपिनियन पोल करने वाली एजेंसियों और मेनस्ट्रीम मीडिया के जरिए डेमोक्रेटिक ऐस्टेबलिशमेंट हैरिस का कृत्रिम आभामंडल निर्मित किया है?

फिलहाल, इस बारे में कोई ठोस टिप्पणी करना संभव नहीं है। मगर आगे बढ़ने से पहले हाल के चुनावों के कुछ अनुभवों पर ध्यान दे लेना उचित होगाः

- 2016, 2020 और 2022 में ओपिनियन पोल पूरी तरह या आंशिक रूप से गलत साबित हुए।
- 2016 में एक भी सर्वे में ट्रंप की जीत का अनुमान नहीं लगाया गया था। जिस रोज मतगणना हो रही थी, न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपने इलेक्शन मीटर में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार हिलेरी क्लिंटन की जीत की संभावना 93 प्रतिशत बता रखी थी। मगर मतगणना आगे बढ़ते ही कहानी बदल गई।



- बाद में सर्वे एजेंसियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने क्लिंटन के समर्थन आधार का गलत आकलन किया। इसी तरह उन्होंने रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी डॉनल्ड ट्रंप के समर्थन आधार को कम करके आंका।
- अमेरिका में राष्ट्रीय स्तर पर किसे कितने वोट मिले, उससे चुनाव नतीजे तय नहीं होते हैं। 2016 में क्लिंटन को ट्रंप से 27 लाख ज्यादा वोट मिले थे। मगर मुख्य मुकाबला वाले राज्यों (बेटलग्राउंड स्टेट्स) में ट्रंप जीते, जिससे इलेक्ट्रॉल कॉलेज में उन्हें बहुमत प्राप्त हो गया।
- 2020 में फिर सर्वे एजेंसियों ने ट्रंप के समर्थन आधार को कम और बाइडेन के समर्थन आधार को बढ़ा कर आंका। मतदान से पहले सबसे आखिरी सर्वेक्षणों में बाइडेन के 7 से 10 फीसदी वोटों के अंतर से जीतने की भविष्यवाणी की गई। मगर बाइडेन सिर्फ 4.5 प्रतिशत मतों के अंतर से जीत सके।
- 2022 के संसदीय चुनाव में कहानी उलटी रही। तब सर्वे रिपोर्टों में डेमोक्रेटिक पार्टी की बुरी हार होने का अनुमान लगाया गया। लेकिन असल नतीजा यह रहा कि सीनेट में डेमोक्रेटिक पार्टी ने अपना बहुमत बरकरार रखने में सफल रही, हालांकि हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव उसके हाथ से निकल गया।

(Pollsters got it wrong in 2018, 2020, and 2022. Here's why political polling is no more than statistical sophistry . Fortune)

इस अनुभव का संदेश यह है कि मौजूदा चुनाव में सारी संभावनाएं अभी खुली हुई हैं। पांच नवंबर को होने वाले मतदान का नतीजा मोटे तैर पर सात बैटलग्राउंड स्टेट्स के रुझान से तय होगा। चुनाव कवरेज पर केंद्रित वेबसाइट realclearpolitic.com के मुताबिक इन राज्यों- अरिजोना, नेवाडा, विस्कोंसिन, मिशिगन, पेनसिल्वेनिया, नॉर्थ कैरोलीना और जॉर्जिया में फिलहाल ओपिनियन पोल्स के मुताबिक चार में हैरिस और तीन में ट्रंप आगे हैं।

मगर सवाल वही चुनाव-पूर्व जनमत सर्वेक्षणों के सटीक होने का है। वैसे तो ऐसे सर्वेक्षणों के अनुमान पहले भी कभी-कभार गलत साबित हो जाते थे, लेकिन पिछले लगभग डेढ़ दशक में ऐसा होने के मामले तेजी से बढ़ते चले गए हैं। और यह सिर्फ अमेरिका की बात नहीं है। अभी तीन महीने पहले हमने अपने देश में इन सर्वेक्षणों की धज्जियां उड़ते देखीं। ऐसा क्यों हो रहा है, इस बारे में सर्वे के कारोबार से जुड़े लोगों ने कोई ठोस स्पष्टीकरण नहीं दिया है।

फिर भी हम कुछ अनुमान लगा सकते हैं। 1990 के दशक में अपनाई गई आर्थिक नीतियों को सार्वजनिक बहस से दूर रखने के मकसद से विभिन्न देशों में सामाजिक-सांस्कृतिक मुद्दों पर ध्रुवीकरण को सुविचारित रूप से बढ़ावा दिया गया। विकसित देशों में 2007-08 की मंदी के बाद ऐसे ध्रुवीकरण के लिए वस्तुगत परिस्थितियां गहरी होती चली गईं। ऐसे में किसी भी चुनावी लोकतंत्र वाले देश में सियासी समीकरण पहले जैसे (20वीं सदी के उत्तरार्द्ध की तरह) नहीं रह गए हैं। संभवतः सर्वे एजेंसियां अभी तक नए समीकरणों और मतदाताओं के नए मूड को भांपने के तरीके नहीं ढूंढ पाई हैं।

अमेरिका में डॉनल्ड ट्रंप की परिघटना ऐसे ही ध्रुवीकरण का परिणाम है। ट्रंप ने नव-उदारवादी नीतियों के कारण अवसर गंवाने वाले समूहों तथा धार्मिक मान्यताओं एवं कंजरवेटिव उसूलों से प्रेरित जन समुदायों की व्यापक गोलबंदी करके अस्मिता की जवाबी राजनीति (counter identity politics) खड़ी की है। समाज में मौजूद आक्रोश और असंतोष को अपने पक्ष में संगठित करने में वे सफल रहे हैं। इस रूप में वे समाज में पारंपरिक राजनीति के लिए एक बड़ी चुनौती के रूप में उभरे हैं। उनके समर्थकों में अक्सर एक तरह का जुनून देखा जाता है। इस जुनून की व्यापकता में कितने लोग समाहित हो चुके हैं, इसका अनुमान लगाना पारंपरिक कौशल के बाहर की चीज हो गई है। इसी तरह उनके विरोधी मतदाताओं में ध्रुवीकरण का स्तर किस रूप में और किस रफ्तार से बढ़ा है, इसका अंदाजा लगाना भी आसान नहीं है। ऐसे ध्रुवीकरण का परिणाम 2022 के संसदीय और राज्य स्तरीय चुनावों में देखने को मिला था, जब डेमोक्रेटिक पार्टी को अनुमान से अधिक कामयाबी मिली।

इसीलिए अभी जबकि मतदान में लगभग दो महीने बाकी हैं, ओपिनियन पोल्स के आधार पर चुनाव के बारे में लगाए जा रहे अनुमानों का आधार बहुत मजबूत नहीं है। खासकर यह देखते हुए कि 2022 के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी के समर्थकों के बीच एक बड़ी फूट पड़ी है। फिलस्तीन के ग़ज़ा में इजराइल के नरसंहार को बाइडेन-हैरिस प्रशासन ने अंध समर्थन दिया है। इससे नाराज लोग जो बाइडेन को आज जिनोसाइड बाइडन कह कर पुकारना ज्यादा पसंद करते हैं। युवा, अल्पसंख्यक, ब्लैक समुदाय आदि के लोगों में बाइडेन-हैरिस प्रशासन की नरसंहार समर्थक नीतियों से फैले आक्रोश का नज़ारा सड़कों पर, विश्वविद्यालय परिसरों आदि में खूब देखने को मिला है। ये समुदाय पारंपरिक रूप से डेमोक्रेटिक पार्टी के समर्थक रहे हैं। इनमें से कई समूहों ने uncommitted नाम से अपने अलग गुट बनाए हैं। इस तरह उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी से समर्थन वापस लेने का एलान कर रखा है।

पांच नवंबर को आने वाला चुनाव परिणाम काफी कुछ इससे तय होगा कि ये समूह अपनी वर्तमान भावना से प्रेरित बने रहते हैं या फिर ट्रंप को बड़ा खतरा मान कर अनिच्छा से डेमोक्रेटिक पार्टी को वोट डालने की विवशता दिखाते हैं।

हैरिस के लिए एक अन्य चिंताजनक पहलू महंगाई और बढ़ी ब्याज दरों से पिछले तीन साल में लोगों की बढ़ी आर्थिक मुसीबतें हैं। macro-economics के आंकड़ों से (जिनमें कई फर्जी साबित हुए हैं) से अमेरिकी अर्थव्यवस्था के मजबूत होने की कहानियां फैला कर झूठा सुखबोध पैदा करने की बाइडेन-हैरिस प्रशासन की कोशिश निरंतर नाकाम होती गई है। मगर इससे असंतुष्ट लोगों के मामले में भी सवाल वही है कि क्या वे सत्ताधारी पार्टी को वोट ना देकर अपना गुस्सा निकालते हैं या फिर ट्रंप का खतरा उन्हें ऐसा करने से रोक देता है।

ये सारा विमर्श अमेरिका के लोगों के लिए महत्त्वपूर्ण है। यह अमेरिकी खेमे में शामिल देशों के लोगों के लिए भी अहम है। मुमकिन है कि ग्लोबल साउथ के शासकवर्गीय लिबरल और कंजरवेटिव समूहों को भी यह अहम मालूम पड़े। इसलिए कि पश्चिमी प्रचार तंत्र के प्रभाव में जीने वाले उनमें से बहुत से लोग- जो चुनावी लोकतंत्र को आदर्श मानते हैं- उन्हें हैरिस लिबरल-प्रोग्रेसिव और ट्रंप कंजरवेटिव-प्रतिक्रियावादी नजर आते हो सकते हैं। लेकिन हकीकत यह है कि अमेरिका के सत्ता तंत्र में ऐसा जो भी बंटवारा नज़र आता है, सुविचारित ढंग से तैयार किया गया एक भ्रमजाल है। कम-से-कम आज के दौर में तो यह बात सोलह आने सच है।

इसलिए वैसे तो रह जगह के, लेकिन कम-से-कम ग्लोबल साउथ के मेहनतकश तबकों और आम लोगों को अमेरिकी चुनाव को देखने के लिए अलग पैमाना अपनाने का जरूरत है। किसी खेल की तरह चुनावों में भी एक तरह का रोमांच मौजूद रहता है। चुनावी गणनाओं में अक्सर आम इनसान की दिलचस्पी बन जाती है। इस रूप में अमेरिकी चुनाव में भी दिलचस्पी स्वाभाविक है। लेकिन जहां तक महत्त्व की बात है, तो बाकी दुनिया के आम जन के लिए यह सवाल ज्यादा अहम है कि क्या ट्रंप या हैरिस से किसी के जीतने या हारने से उनके हितों को कोई फर्क पड़ेगा?

इस प्रश्न पर विचार करते हुए इन पहलुओं को अवश्य ध्यान में रखना चाहिएः

- अमेरिका में दोनों प्रमुख दलों पर neo-cons (neo-conservative) का पूरा नियंत्रण है। इसलिए सत्ता में चाहे कोई पार्टी आए, नीतियां इस सोच से प्रेरित लोग ही तय करते हैं। इस सोच का प्राथमिक और घोषित मकसद दुनिया पर अमेरिका के समग्र वर्चस्व को बनाए रखना और उठ रही हर चुनौती को कुचल देना है। (Defense Planning: Guidance FY 1994-1999 April 16, 1992 (archives|gov))
- इस सोच के तहत दोनों दलों की सरकारों ने पिछले तीन दशक में अनेक देशों पर सैनिक हमले किए हैं। यूगोस्लाविया, अफगानिस्तान, इराक, लीबिया, सीरिया आदि इस बात की चंद मिसालें भर हैं।
- neo-cons अमेरिका की कुख्यात मिलिटरी-इंडस्ट्रियल कॉम्पलेक्स के हितों के अनुरूप घरेलू और विदेशी नीतियों को ढालते हैं।
- दोनों दलों के नेतृत्व पर वित्तीय हितों का पूरा नियंत्रण है, जिनके चंदों पर इन पार्टियों की संभावनाएं टिकी होती हैं।
- इस वक्त दुनिया में दो युद्ध चल रहे हैं और तीसरे की पृष्ठभूमि बनाई जा रही है। इन तीनों घटनाक्रमों में अमेरिका की लगभग प्रत्यक्ष भागीदारी है।
- यूक्रेन और ग़ज़ा में जारी युद्धों और एशिया-प्रशांत में बढ़ रहे तनाव के लिए बाइडेन-हैरिस प्रशासन को सीधे जिम्मेदार ठहराने का ठोस आधार मौजूद है।
- युद्ध के जरिए अमेरिकी वर्चस्व को कायम रखने की रणनीति के बीच हैरिस और ट्रंप में एक मोटा फर्क जरूर है। रिपब्लिकन ऐस्टेबलिशमेंट का एक हिस्सा- जिसमें ट्रंप शामिल हैं- मानता है कि अमेरिका का हित रूस को साथ लेकर चीन को कमजोर करने में है। इसलिए ट्रंप यूक्रेन युद्ध की तुरंत समाप्ति चाहते हैं। जबकि बाइडेन-हैरिस प्रशासन ने एक साथ दोनों के खिलाफ मोर्चे खोल रखे हैं।
- अमेरिका के आर्थिक एवं वित्तीय हितों के मुताबिक विश्व अर्थव्यवस्था का स्वरूप बनाए रखने के सवाल पर दोनों पक्षों के बीच कोई मतभेद नहीं है।

जैसे-जैसे दुनिया पर अमेरिकी वर्चस्व घटा है, दोनों पार्टियों की नीतियां अधिक आक्रामक हो गई हैं। इसलिए वैश्विक मेहनतकश आवाम के लिए हैरिस या ट्रंप की बहस में पड़ना निरर्थक है। लिबरल और कंजरवेटिव की बहस या इनके बीच दिखने वाला विभाजन दरअसल, सत्ता हासिल करने की रणनीतियां भर हैं। सत्ता में आने के बाद दोनों दलों का मकसद समान रहता है। तो भला हम हैरिस बनाम ट्रंप की बहस में क्यों पड़ें?

मतदान में लगभग दो महीने बाकी हैं, ओपिनियन पोल्स के आधार पर चुनाव के बारे में लगाए जा रहे अनुमानों का आधार बहुत मजबूत नहीं है। खासकर यह देखते हुए कि 2022 के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी के समर्थकों के बीच एक बड़ी फूट पड़ी है। कई समूह अभी निर्णय करते नहीं है। अपने अलग गुट बनाए हैं। इस तरह उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी से समर्थन वापस लेने का एलान कर रखा है। पांच नवंबर को आने वाला चुनाव परिणाम काफी कुछ इससे तय होगा कि ये समूह अपनी वर्तमान भावना से प्रेरित बने रहते हैं या फिर ट्रंप को बड़ा खतरा मान कर अनिच्छा से डेमोक्रेटिक पार्टी को वोट डालने की विवशता दिखाते हैं।

# बच्चों के स्क्रीन देखने के समय को लेकर अपराध बोध आम बात

कौन से माता-पिता से साथ ऐसा नहीं हुआ होगा? दिन भर अत्यधिक काम करने के बाद आपको अभी रात का खाना बनाना है, शायद कल के लिए भी भोजन की तैयारी करनी है और अब आपके पास इतनी ऊर्जा नहीं बची कि आप अपने बच्चों को कुछ कलात्मक करने या कोई किताब पढ़ने के लिए प्रेरित और राजी कर सकें।

इसके विपरीत जब वे आईपैड पर अधिक समय बिताने की जिद्द करते हैं तो आप उनकी बात मान लेते हैं या हो सकता है कि वे वादा करें कि वे कुछ और यूट्यूब वीडियो देखने के बाद अपना गृहकार्य कर लेंगे। इस पर सहमत होना एक और बार बहस करने से अधिक आसान है। अब आप न केवल थके हुए हैं, बल्कि आपको यह अपराध बोध भी होता है कि आप एक खराब माता-पिता हैं।

अगर आपको भी ऐसा लगता है तो आप अकेले नहीं है। बच्चे मीडिया का कैसे और कितना इस्तेमाल कर रहे हैं, इस बात को लेकर माता-पिता को ग्लानि होना आम बात हैं और यह उचित भी है क्योंकि स्क्रीन पर बिताए गए समय को नितांत बर्बादी माना जाता है, इसलिए यदि लोग विश्राम के लिए या अपना मिजाज ठीक करने के लिए स्क्रीन देखते हैं तो भी उन्हें ग्लानि महसूस होती हैं और यह भावना तनाव कम करने के उस लाभ को भी कम कर देती है जो स्क्रीन देखने से आपको शायद मिल सकता था।



यह अपराध बोध भले ही अप्रिय भावना है लेकिन अच्छी खबर यह है कि यदि आप इन भावनाओं पर ध्यान दें, तो ये आपको अपने और आपके बच्चों के लिए स्वस्थ विकल्पों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर सकती हैं।

## बच्चों द्वारा स्क्रीन के उपयोग को लेकर माता-पिता का अपराधबोध

मेरे अपने मीडिया शोध समूह सहित विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि सभी उम्र के लोगों द्वारा तनाव कम करने, विश्राम करने और आनंद के लिए स्क्रीन मीडिया का इस्तेमाल करना आम बात है।

लेकिन माता-पिता अपने बच्चों के स्क्रीन उपयोग को लेकर चिंतित हैं और इसके पीछे उचित कारण भी हैं। उचित प्रबंधन के बिना स्क्रीन पर समय बिताना बहुत आसानी से नियंत्रण से बाहर हो सकता है और इससे नींद में कमी, मोटापे का जोखिम बढ़ना, शैक्षणिक प्रदर्शन में कमी और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां जैसी परेशानियां पैदा हो सकती हैं।

माता-पिता अपने बच्चों को बहुत देर तक स्क्रीन पर समय बिताने से जुड़े नुकसान से बचाने के लिए कई नियम बनाते हैं लेकिन शोध से पता चलता है कि अधिकतर माता-पिता उन नियमों को तोड़ देते हैं। अगर कोई बच्चा बीमार है, तो क्यों न उसे कई घंटे वीडियो गेम खेलने दें? ऐसा भी हो सकता है कि आप अपने बच्चे को टीवी के सामने बिठा दें ताकि वह व्यस्त रहे और आप अपने जरूरी काम निपटा सकें। जब आप अपने खुद के नियम तोड़ते हैं तो क्या होता है? खासकर जब वे नियम आपके बच्चों की सुरक्षा के लिए बनाए गए हों। आप अपराध बोध महसूस करते हैं जो तनाव का ही एक रूप है जो माता-पिता और बच्चों दोनों के लिए खराब हो सकता है।

## स्क्रीन उपयोग को लेकर माता-पिता के अपराधबोध का नकारात्मक पक्ष

कोविड-19 महामारी के दौरान जब अमेरिका और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सभी लोगों द्वारा मीडिया उपयोग में वृद्धि हुई, तो मेरी शोध टीम को बच्चों के स्क्रीन उपयोग को लेकर माता-पिता द्वारा महसूस किए जाने वाले अपराधबोध का अध्ययन करने का एक अनूठा अवसर मिला।

हमने मार्च 2020 में माता पिता के एक समूह को लेकर सर्वेक्षण किया और फिर अप्रैल एवं मई 2020 में एक अन्य समूह का सर्वेक्षण किया। हमने पाया कि 73 प्रतिशत माता-पिता ने थोड़े अपराधबोध का अनुभव किया और 48 प्रतिशत ने मध्यम से अत्यधिक स्तर का अपराधबोध महसूस किया।

## अपराधबोध को सकारात्मक पहलू में बदलना

माता-पिता क्या कर सकते हैं? मीडिया विकल्पों के बारे में कथित गलतियों या गलतफहमियों के लिए खुद को कोसने के बजाय अपने अपराधबोध से सबक सीखना कहीं अधिक उपयोगी होगा।

इस चिंतन से न केवल यह विचार करने का अवसर मिलता है कि आपका परिवार किस प्रकार स्क्रीन का उपयोग कर रहा है, बल्कि यह भी सोचने का मौका मिलता है कि परिवार की खुशहाली के लिए आपको क्या कदम उठाने की आवश्यकता है। आपने आमतौर पर यह नहीं सुना होगा, लेकिन स्क्रीन मीडिया का उपयोग हमेशा बुरा नहीं होता। वास्तव में, इस बात के प्रमाण हैं कि स्क्रीन का उपयोग और इस पर देखी जाने वाली सामग्री कई तरह के अद्भुत परिणामों में योगदान दे सकती है। इससे आप कुछ नया सीख सकते हैं, सामाजिक रूप से जुड़ सकते हैं, प्रेरणा ले सकते हैं और तनाव को दूर कर सकते हैं।

हालांकि अपराध बोध सुखद नहीं होता लेकिन यदि आप यह समझने के लिए कुछ समय निकालें कि आप ऐसा क्यों महसूस करते हैं, तो यह आपको यह तय करने में मदद कर सकता है कि आप मीडिया के इस्तेमाल और असल जिंदगी का अनुभव करने के बीच संतुलन कैसे स्थापित करें ताकि आपको एवं आपके परिवार को इसका लाभ मिल सके। -द कन्वरसेशन

# महेश बाबू को विंध्य का गाँधी कहना उनके व्यक्तित्व का समुचित विश्लेषण होगा – डॉ एन. पी. पाठक






रीवा।भारत के प्रथम प्रधामंत्री पं जवाहरलाल नेहरू के निकटतम सहयोगी एवं विंध्य क्षेत्र के प्रखर स्वंतत्रता संग्राम सेनानी स्व. बाबू महेश प्रसाद श्रीवास्तव की 112 वीं जयंती पर विंध्य क्षेत्र की साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था स्व. महेश बाबू स्मृति समिति एवं साईंशा सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय उर्रहट स्थित ÷कृष्णा सदन÷ में विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया! कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवधेश प्रताप सिंह विश्विद्यालय के पूर्व कुलपति एवं प्रकांड विद्वान डॉ एन. पी. पाठक रहे जबकि अध्यक्षता महेश बाबू स्मृति समिति के अध्यक्ष इंजी. वशिष्ठ मुनि शर्मा ने की! बतौर विशिष्ट अतिथि महिला नेत्री कविता पांडेय, वरिष्ठ नेता सुबोध पांडेय, महेश बाबू स्मृति समिति के उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ मीसाबंदी सुभाष श्रीवास्तव उपस्थित रहे! कार्यक्रम का संचालन साईंशा फाउंडेशन के सचिव सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने किया!

कार्यक्रम का शुभारंभ स्व. महेश बाबू के चित्र पर माल्यार्पण एवं चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ! तदुपरांत स्व. महेश बाबू स्मृति सम्मान 2024 प्रकांड विद्वान, प्रखर वक्ता एवं विचारक डॉ एन. पी. पाठक को प्रदान किया गया! कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के जिन लोगो ने अपने विचार व्यक्त किये, गीत एवं कविताएं प्रस्तुत की उनमें प्रमुख रूप से भारतीय पेशनर्स समाज के अध्यक्ष डॉ अशोक चतुर्वेदी, साईनांजलि समिति की अध्यक्ष अनुराधा श्रीवास्तव, बेनिसन हेल्पिंग वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष श्लेषा शुक्ला, युवा एकता कल्याण संघ के अध्यक्ष राजराखन पटेल, सृजन डेवलपमेंट फाउंडेशन के अध्यक्ष शेषमणि शुक्ला, क्षत्रपति शिवाजी सेना के जिलाध्यक्ष शोभनाथ गुप्ता, विद्यास्थली पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर आर के साहू, वरिष्ठ पत्रकार मुकुंद प्रसाद मिश्रा, पत्रकार तेज प्रताप सिंह, मीसाबंदी यतीन्द्र सिंह, समाजवादी नेता नत्थूलाल सेन, वरिष्ठ कवि राम सुंदर द्विवेदी, कवि दुर्गा प्रसाद चतुर्वेदी, कवि राम लखन जलेश, समाजसेवी मनोज गौतम एवं युवा गायिका संस्कृति तिवारी शामिल है!कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवधेश प्रताप सिंह विश्विद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ एन. पी. पाठक ने कहा कि- ÷आज आवश्यकता है कि उन शहीदों, क्रांतिकारियों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की गाथाएँ भी सुनाई जाए जिनके शौर्य और बलिदान से आज की युवा पीढ़ी अनभिज्ञ है! देश को आजाद कराने में विंध्य क्षेत्र का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा! जहां महेश बाबू जैसे स्वतंत्रता सेनानी हुए जिन्होंने आजादी के आंदोलन में महीनों जेल में गुजारे, यातनाएं सही और मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया! ऐसे राष्ट्रभक्त की जयंती मनाना संपूर्ण समाज का नैतिक दायित्व है, उन्हें यदि विंध्य का गाँधी कहा जाए तो अनुचित नहीं होगामहिला नेत्री कविता पांडेय ने कहा कि-बाणसागर परियोजना के क्रियान्वयन में महेश बाबू की महती भूमिका को कभी विस्मृत नहीं किया जा सकता है! आजादी के आंदोलन से उपजे मूल्यों को उनने ताउम्र जिया! उनका सम्पूर्ण जीवन हमारे लिए प्रेरणा का स्त्रोत है कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सुबोध पांडेय ने कहा कि- ÷मैनें बहुत करीब से महेश बाबू को देखा है! सादगी भरा उनका परिधान था और उनका व्यक्तित्व भी सरल, सहज, सुलभ था! आजादी के आंदोलन के जो मूल्य थे सच्चाई, ईमानदारी, देशभक्ति और राष्ट्र के प्रति निष्ठा व समर्पण के भाव, ये सारे गुण महेश बाबू में विद्यमान थे÷महेश बाबू स्मृति समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष श्रीवास्तव ने कहा कि- ÷किसी महापुरुष, स्वतंत्रता सेनानी या समाज सुधारक के निधन के बाद दो लोग उनके विचारों की श्रृंखला को आगे बढ़ाने का कार्य करते है! एक तो उनके विचारों के अनुनायी और दूसरा उनके रक्त के अनुनायी! महेश बाबू का सुपुत्र होने के नाते मुझे ये कहने में कोई गुरेज नही है कि महेश बाबू के रक्त से ज्यादा उनके विचारों के अनुनायी है जो विभिन्न जति धर्म और मजहब के हैकार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महेश बाबू स्मृति समिति के अध्यक्ष इंजी. वशिष्ठ मुनि शर्मा ने कहा कि- ÷विचार संगोष्ठी में जो विचार निकल कर आए है उसमें अमल किया जाएगा और सार्वजानिक स्थान पर महेश बाबू की प्रतिमा लगाए जाने का जो प्रस्ताव है वो संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगाकवि राम लखन केवट जलेश ने महेश बाबू को अपनी श्रद्धांजलि अपनी इन पंक्तियों के माध्यम से दी-

बन रहे निकट सहयोगी पंडित नेहरू के<br>
कर सुख वैभव बलिदान तुम्हारा वंदन है<br>
जब विजयलक्ष्मी राजदूत बन रूस गयी,<br>
संग गए सहित सम्मान तुम्हारा वंदन है÷

वरिष्ठ कवि रामसुन्दर द्विवेदी ने अपने मनोभाव कुछ इन पंक्तियों में व्यक्त किये-

बदलो अपने को तुम ईर्ष्या का दमन कर दो<br>
संघर्ष करो इतना शूलों को सुमन कर दो÷

युवा कवि राजराखन पटेल ने इन पंक्तिययों के माध्यम से अपने विचार रखे-

**÷सुन ले युवा राष्ट्र विधाता मैं तुझसे कुछ कहने आया हूँ**<br>
**मैं राष्ट्र प्रेम और देशभक्ति का पाठ पढ़ाने आया हूँ÷**

विचार संगोष्ठी में जिन महत्वपूर्ण लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही उनमें प्रमुख रूप से राम कृपाल गुप्ता, भैया लाल वर्मा, गौरव नीरत, संत कुमार पटेल, वर्धमान निगम, अंगद द्विवेदी, तरुण कुमार श्रीवास्तव, प्रवीण पांडेय, राजेश यादव, विजय वर्मा, राजेश पांडेय, रामसुफल वर्मा, प्रेस छायाकार रामचंद्र वर्मा, मोहम्मद अफजल आ?ताब, आ?ताब, उदित गर्ग, कवि मिश्रा, प्रदीप श्रीवास्तव, रविकरण सिंह, आर के गुप्ता, ज्योत्सना श्रीवास्तव एवं मंजू श्रीवास्तव शामिल है! कार्यक्रम के अंत में समस्त उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार महेश बाबू स्मृति समिति के सचिव सुरेश विश्नोई ने व्यक्त किया!

# आगामी त्यौहारों को देखते हुए थाना गुढ में शांति समिति की बैठक हुई संपन्न



गुढ़। गुढ़ थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में डीएसपी हिमाली पाठक, नायब तहसीलदार तेजपती, गुढ़ थाना प्रभारी हरिशंकर तिवारी एवं उत्सव समिति के लोग भी उपस्थित रहे। इस दौरान हिमाली पाठक ने कहां की त्यौहार का सीजन शुरू हो गया। इस दौरान विभिन्न प्रकार के त्योहारों का आयोजन किए जाते हैं। जिसे हम शांतिपूर्ण से आयोजित करना है। डीजे, माईक, लाउडस्पीकर एवं साउंड सिस्टम को निर्धारित समय तक ही उपयोग करें पंडाल जो बनाया गया है। उसमें इस बात का ध्यान रखें कि आवागमन का मार्ग किसी प्रकार से बाधित न हो सके जिसकी वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़े अपनी मूर्तियां और झांकियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्वयं करें ऐसी किसी प्रकार की गतिविधियों न हो जिससे किसी भी व्यक्ति को परेशानी का सामना करना पड़े। वहीं थाना प्रभारी हरिशंकर तिवारी जी ने खास तौर से मूर्ति विसर्जन के दौरान निर्धारित समय और स्थान पर ही करें शासन के आदेशों का पालन करते हुए प्रशासनिक कार्य में सहयोग करने की अपील भी की है। जहां गुढ़ थाना के समस्त स्टाफ के साथ गुढ़ हल्का पटवारी संदीप शुक्ला के साथ गुढ़ की आम नागरिक शांति समिती की बैठक में उपस्थिति रही है।

# रीवा डिप्टी सीएम साहब के शहर के अस्पताल का अजब गजब हाल

### एक नर्स ने रात्रि कि ड्यूटी से बचने लगाया मंत्रालय से जुगाड़, पहुंचा फोन ?



रीवा।जिले में किस तरह से सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं चल रही है, यह बताने कि जरूरत नहीं आप सब लोग जानते है। ताजा मामला सुपर स्पेशलिटी अस्पताल रीवा का, जहाँ एक नर्स ने अपनी नाइट शिफ्ट ड्यूटी से नाम कटवाने के लिए भोपाल मंत्रालय तक शिफारिस लगा डाली जी हाँ चौकिए नहीं उप संचालक ने मौखिक रूप से ड्यूटी बदलने का आदेश भी जारी कर दिया, अधीक्षक ने भी मौखिक आदेश पर ड्यूटी बदलने का आदेश जारी कर दिया,अब इस पत्राचार से नर्सिंग स्टाफ में विरोध भी शुरू हो गया है।नर्सिंग आफीसर की रात में लगी थी ड्यूटी, उप संचालक ने अधीक्षक को किया फोनरीवा संजय गांधी अस्पताल और सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ जो रात में ड्यूटी ही नहीं करना चाहते,यही वजह है कि दिन में ही अधिकांश नर्सों की ड्यूटी लगा दी जाती है, रात में नर्सों का टोटा पड़ जाता है, जहां दिन में एक दर्जन नर्से तैनात रहती है, वहीं रात में सिर्फ एक या दो के भरोसे सभी वार्ड चलते हैं,कई मर्तबा डीन और अधीक्षक के सामने भी इस तरह की शिकायतें और तकलीफ नर्से बयां कर चुकी हैं, हालांकि इससे राहत नहीं मिल पाई है, इसके पीछे वजह नर्सों की पहुंच और सिफारिश है, नेताओं, अधिकारियें से पहुंच बनाकर नाइट शिफ्ट से नर्से बच जाती हैं।ऐसा ही ताजा मामला सुपर स्पेशलिटी अस्पताल रीवा का सामने आया है, यहां पदस्थ नर्सिंग आफीसर कविता त्रिपाठी के लिए भोपाल से स्पेशली उप सचिव चिकित्सा शिक्षा मंत्रालय से अधीक्षक के पास फोन पहुंचा, वंदना त्रिपाठी की नाइट ड्यूटी बदलने का निर्देश दिया गया है, अधीक्षक` भी भोपाल से आदेश मिलने पर तुरंत ही आदेश भी जारी कर दिया,प्रभारी अधिकारी नर्सिंग को पत्र लिखकर कविता त्रिपाठी को नाइट ड्यूटी से हटाने के लिए कहा गया है, अधीक्षक का यह पत्र तेजी से वायरल हो रहा है, कविता त्रिपाठी किसी तरह से शारीरिक रूप से असक्षम या बीमार भी नहीं है, फिर भी वह नाइट ड्यूटी से बचना चाह रही हैं, ऐसे में इस आदेश के बाद नर्सिंग स्टाफ में भी इसका विरोध शुरू हो गया है, सुपर स्पेशलिटी और संजय गांधी अस्पताल में और भी कई ऐसी नर्सिंग आफीसर हैं जो कभी नाइट शिफ्ट करती ही नहीं है, नर्सिंग आफीसर हैं जो कभी नाइट शिफ्ट करती ही नहीं है, ब्लड बैंक में भी तीन टेक्नीकल स्टाफ की पदस्थापना नाइट शिफ्ट के लिए हुई थी लेकिन अब वह नाइट शिफ्ट कभी करती ही नहीं है, रेग्युलर मार्निंग शिफ्ट में सेवाएं दे रही हैं, इसी तरह का हाल और भी विभागों का है।

# कलेक्टर श्री चौहान ने किया ई-रिक्शा कलर कोडिंग कार्य का निरीक्षण

### तेजी से कलर कोडिंग का काम पूर्ण करने के दिए निर्देश

**ग्वालियर** – ग्वालियर शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए शहर में जल्द ही दो शिफ्ट में ई-रिक्शा का संचालन शुरू होने जा रहा है। इस उद्देश्य से अभियान बतौर ई-रिक्शा की शिफ्ट के लिहाज से कलर कोडिंग की जा रही है। कलेक्टर श्रीमती रूचिका चौहान ने शुक्रवार को फूलबाग पर चल रहे ई-रिक्शा कलर कोडिंग कार्य का जायजा लिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों एवं ई-रिक्शा पर कलर कोडिंग कर रहे पेंटर्स को तेजी से यह कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। ज्ञात हो शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, पुलिस एवं नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर में चल रहे सभी ई-रिक्शा का पंजीयन कराया गया है। साथ ही सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिए गए शहर में दो शिफ्टों में ई-रिक्शा



चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में ई-रिक्शों की कलर कोडिंग की जा रही है। तथा ई-रिक्शा के संचालन के पीले और नीले रंग की पट्टिका ई-रिक्शा पर बनाई जा रही है। शहर में तीन स्थानों गोला का मंदिर, फूलबाग एवं आमखो पर यह काम किया जा रहा है। अभी तक लगभग 3150 ई-रिक्शा की कलर कोडिंग की जा चुकी है। कलर कोडिंग कार्य को तेज करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती रूचिका चौहान ने फूलबाग पर चल रहे कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कलर कोडिंग का कार्य कर रहे कर्मचारियों से बात की तथा उन्हें कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही ई-रिक्शा चालकों से कहा कि वे अपने रिक्शे पर निर्धारित पट्टिका अवश्य पेंट करवा लें, जिससे उन्हें ई-रिक्शा चलाने में कोई दिक्कत न आए।

## वात्सल्य स्कूल के छात्र छात्राओं ने बनाए मिट्टी के गणेश, कहा घर में ही करें विसर्जन

अम्बाह। आदि युवा मण्डल अम्बाह द्वारा मिट्टी के गणेश, घर में ही विसर्जन अभियान के तहत शुक्रवार को वात्सल्य स्कूल चांद का पुरा में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के छात्र छात्राओं ने प्रशिक्षकों से प्रतिमा बनाने के टिप्स सीखकर मिट्टी के गणेश बनाए और कहा कि उत्सव के पूर्ण होने पर घर में ही प्रतिमाओं का विसर्जन करें। छात्र छात्राओं को मिट्टी के गणेश बनाने का प्रशिक्षण युवा आर्टिस्ट विपिन सिंह तोमर और विद्यालय की आर्ट एण्ड क्राफ्ट शिक्षिका लक्ष्मी सिंह ने दिया। तत्पश्चात छात्र छात्राओं ने मिट्टी के गणेश की कई प्रतिमाएं बनाईं। जिन्हें वे गणेश चतुर्थी पर अपने -अपने घरों में विधिपूर्वक विराजेंगे तथा घर घर जाकर जनसामान्य के बीच वितरित करेंगे।आयोजन मण्डल के सचिव शशांक शर्मा ने बताया कि  कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र छात्राओं को गणेश उत्सव के महत्व के बारे में बताना तथा उनके माध्यम से आमजन में जागरुकता लाना है ताकि वे पर्यावरण के अनुकूल मिट्टी के गणेश बनाएं और उत्सव के पूर्ण होने पर घर में ही विसर्जन करें।कार्यक्रम में प्रशिक्षकों को पुष्पहार एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक नितिन सिंह तोमर ने कहा कि गणेश जी की छवि अनेक अर्थों और प्रतीकों से भरी हुई है जो ज्ञान प्रदान करने के साथ ही हमें सकारात्मक ऊर्जा से भी जोड़ती है।हम इन प्रतीकों के अर्थ समझ कर उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करें।






# शाहिद कपूर ने मीरा को जन्मदिन पर बधाई दी



बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर ने अपनी पत्नी मीरा राजपूत को जन्मदिन की बधाई दी है। मीरा कपूर का आज जन्मदिन है।मीरा राजपूत के जन्मदिन पर शाहिद कपूर ने उनके साथ खूबसूरत यादों को इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है।इन तस्वीरों को शेयर करते हुए उन्होंने अपनी पत्नी के लिए एक प्यारा नोट भी लिखा है। शाहिद कपूर ने केप्शन में कहा, वह मैजिक है। वह अंदर और बाहर से खूबसूरत हैं। वह मजबूत है, वह प्यारी है और उसकी मुस्कान मेरे दिल को रोशन कर देती है। वह जादुई है। वह अंदर से बाहर तक खूबसूरत है। वह मजबूत है, वह प्यारी है और उसकी मुस्कान मेरे दिल को रोशन कर देती है। यह बर्थडे गर्ल पूरी तरह से मेरी है और मुझे अपनी किस्मत पर यकीन नहीं हो रहा है। तुम्हें जन्मदिन मुबारक हो खूबसूरत चीज। भगवान तुम्हें हमेशा और हमेशा आशीर्वाद दें, मेरा प्यार।

# काम का हर दिन मेरे लिए नई सीख है: अमिताभ




बॉलीवुड के मेगास्टार अमिताभ बच्चन ऊर्फ बिग बी का कहना है कि उनके लिए हर दिन कुछ न कुछ सीखने वाला होता है। उनके जीवन का हर एक दिन एक ऐसे नए पहलू से उन्हें रूबरू कराता है, जो जीवन और जीने की वास्तविकता को एक नया रंग देता है। बिग बी ने अपने ब्लॉग पर लिखा,काम का प्रत्येक दिन मेरे लिए सीख है... सिर्फ काम ही नहीं, बल्कि एक और दिन ऐसे तत्वों से भरा है जो हमें जीवन और जीने की वास्तविकता के करीब लाता है। उन्होंने आगे बताया, प्रत्येक दिन हम जीवन को देखते हैं और जानते हैं और कभी-कभी हमारी आंखों में आश्चर्य होता है... देखें कि आप कहां हैं, और आपके भीतर क्या है। किसी नुकसान पर विलाप करने का कोई मतलब नहीं है। इसे स्वीकार करें और अपने और अपने ऊपर निर्भर लोगों के लिए बेहतर जीवन जीने के लिए मेहनत करें।

# भाई तुषार संग गणपति आरती में शामिल हुईं एकता



बॉलीवुड अभिनेता तुषार कपूर अपने बेटे लक्ष्य कपूर, बहन एकता कपूर और उनके बेटे रवि के साथ गणपति आरती में शामिल हुए। तुषार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'इंस्टाग्राम' पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह धोती पहने हुए गणपति की आरती करते हुए नजर आ रहे हैं। एकता और बच्चे अभिनेता के साथ खड़े हुए दिखाई दे रहे हैं। अभिनेता ने पोस्टड को कैप्शन दिया, वह फिर से वापस आ गए हैं, हमें वह सब कुछ देने के लिए जो हम अपने और अपने परिवार के लिए चाहते हैं। उनकी दिव्य शक्ति हमारे भ्रमित विचारों पर हावी हो, और वो हमें हर क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ रूप बनने की बुद्धि प्रदान करें! अभिनेता हाल ही में दस जून की रात में नजर आए थे। इसमें उनका किरदार एक ऐसे व्यक्ति का है जिसकी किस्मत बेहद खराब है। जो अपने पिता के थिएटर को फिर से खोलने के लिए काम कर रहा है।

# गणेश चतुर्थी पर अक्षय कुमार की खास अनाउंसमेंट



बॉलीवुड के एक्शन हीरो और सुपरस्टार अक्षय कुमार ने गणेश चतुर्थी के शुभ मौके पर अपने नए प्रोजेक्ट्स के संकेत दिए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट पर अपनी अपकमिंग फिल्म की पहली झलक भी दिखाई है, जिस देखकर हर कोई दंग रह गया। शनिवार को अक्षय ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर एक मोशन पोस्टर शेयर किया। जिसमें एक दानव का चेहरा दिखाई दे रहा है, जिसे देखकर आप थोड़े घबरा भी सकते हैं। एक्टर ने केप्शन में लिखा, गणपति बप्पा मोरया, आज के दिन से बेहतर दिन और क्या हो सकता है, जब आप कुछ खास होने का संकेत दें। मेरे जन्मदिन पर इसका खुलासा होगा। इंतजार करिए। सोशल मीडिया पर यूजर्स इसे देखकर सरप्राइज हैं। सबके मन में यही सवाल है कि क्या यह अक्षय कुमार और प्रियदर्शन के बीच एक नया प्रोजेक्ट है? यह भी अफवाहें फैल रही हैं कि दोनों एक हॉरर कॉमेडी फिल्म के लिए साथ आ रहे हैं। एक ऐसी शैली जिसमें अक्षय ने मशहूर फिल्म 'भूल भुलेया' में काम किया था। टीजर का डरावना लोगो इन बातों का समर्थन करता है, जो सुपरस्टार के लिए हॉरर मूवी में संभावित वापसी का संकेत देता है। हालांकि, अभी इसके नाम और कास्ट को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

# ब्रांड एम्बेस्डर बनीं कैटरीना



बॉलीवुड अभिनेत्री केटरीना केफ, शाओमी इंडिया की ब्रांड एम्बेसडर बन गयी हैं। अपने इनोवेशन के लिए मशहूर, ग्लोबल टेक्नोलॉजी ब्रांड, शाओमी इंडिया ने केटरीना केफ को अपना ब्रांड एम्बेसडर घोषित किया। ब्रांड एम्बेसडर के रूप में केटरीना केफ शाओमी के स्मार्टफोन, टीवी, और टेबलेट्स का प्रमोशन करेंगी। शाओमी को भारत में दस साल पूरे हो रहे हैं और इस समय किया गया यह गठबंधन हर किसी तक इनोवेशन पहुँचाने की शाओमी की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है।

इस गठबंधन में केटरीना की वैश्विक अपील और आकर्षक सुंदरता सिमटी हुई है। शाओमी इंडिया ने चीफ मार्केटिंग ऑफिसर अनुज शर्मा ने कहा, भारत में इनोवेशन पेश करते हुए दस साल पूरे होने के साथ शाओमी परिवार में एक बार फिर केटरीना केफ का स्वागत करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है। उनकी शिष्टता, व्यापक अपील, और हमारे दर्शकों से गहरे जुड़ाव के कारण वो हमारे अगले चैप्टर के लिए उपयुक्त एम्बेसडर हैं। शाओमी और केटरीना, दोनों में लोगों से गहरा जुड़ाव विकसित करने की अद्वितीय क्षमता है। अपने इस गठबंधन के साथ हम मिलकर इनोवेटिव टेक्नोलॉजी हर व्यक्ति तक पहुँचाएंगे।

शाओमी का नया चेहरा बनने पर उत्साहित केटरीना केफ ने कहा, मैं शाओमी परिवार में फिर से शामिल होकर बहुत उत्साहित हूँ। यह बहुत ही रोमांचक समय है, जब यह ब्रांड लोगों के जीवन में इनोवेशन लाने के दस साल पूरे कर रहा है। शाओमी भारत में बहुत मशहूर है और उनकी इनोवेशन की प्रतिबद्धता की मैं बहुत सराहना करती हूँ।

मुझे लगातार विकास कर रहे इस ब्रांड का हिस्सा बनने और इसकी प्रतिष्ठित विरासत में अपना योगदान देने की खुशी है। मैं शाओमी का प्रतिनिधित्व करने के लिए उत्साहित हूँ, इस ब्रांड को पूरे देश के लोग पसंद करते हैं। मैं शाओमी की इनोवेटिव दुनिया में अपने फैंस से मिलने के लिए उत्सुक हूँ।



# सान्या मल्होत्रा ने फैंस के साथ बांटी खुशी

शाहरुख खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'जवान' ने हिंदी सिनेमा में अपना एक साल पूरा कर लिया है। इसका जश्न मनाने के लिए अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा ने सोशल मीडिया पर फिल्म से कुछ तस्वीरें और वीडियो शेयर किए। अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा ने अपने इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शऔन में फिल्मज की कई फोटोज और वीडियो शेयर किए।

पहली वीडियो में फिल्मो को थियेटर में चलते हुए देखा जा सकता है, जिसमें सान्या फिल्म के गाने ॽजिंदा बंदाॽ पर डांस करती नजर आ रही हैं। सान्या मल्होत्रा ने इस पोस्ट को केप्शन देते हुए लिखा, ॽजवान के 1 साल पूरे होने पर बधाई।

इसके बाद अभिनेत्री ने फिल्म के कलाकारों संजीता भट्टाचार्य और आलिया कुरेशी के साथ पोज देते हुए एक तस्वीर शेयर की। आखिरी क्लिप में सान्या ने अपने प्रशंसकों के साथ फिल्म का एक एक्शन सीन शेयर किया। एटली के निर्देशन में बनी फिल्मन 'जवान' एक एक्शन और थ्रिलर फिल्मद है। इस फिल्म से उन्होंने हिंदी सिनेमा में डेब्यू किया था। इस फिल्मं में सुपरस्टार शाहरुख ने पिता और बेटे के दोहरे किरदार निभाए हैं। फिल्म में नयनतारा, विजय सेतुपति, दीपिका पादुकोण और प्रियामणि जैसे कलाकारों की टोली है। फिल्म एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो समाज में फैली बुराइयों को खत्मज करने के लिए काम करता है। मगर उसका सामना एक ऐसे बुरे इंसान के साथ होता है, जिसने कई लोगों को तकलीफ पहुंचाई है। अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा अगली बार अभिनेता वरुण धवन और जान्हवी कपूर के साथ आगामी फिल्म "सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी" में दिखाई देंगी। यह फिल्म 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया' का सीक्वल होगी।

इस फिल्म में वरुण और निर्देशक शशांक खेतान एक बार फिर से साथ आए हैं। इससे पहले उन्हों ने 'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया' और 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया' में उनके साथ काम किया है।



# 'ओटीटी क्वीन' के नाम से हैं मशहूर राधिका आप्टे

'कृति', मिस्ट्री ड्रामा फिल्म 'फोरेंसिक', हॉरर थ्रिलर वेब सीरीज 'घूल', क्राइम ड्रामा सीरीज 'सेक्रेड गेम्स' और 'मोनिका ओ माय डार्लिंग' जैसी तमाम शॉर्ट फिल्म और वेब सीरीज कर चुकी राधिका आप्टे 'ओटीटी क्वीन' के नाम से मशहूर हैं। चाहे बात डैशिंग लुक की हो या एक सामान्य महिला के किरदार की, या स्क्रिप्ट की जरूरत के हिसाब से बोल्ड सीन देने की, हर रोल में राधिका खुद को बखूबी फिट कर लेती हैं। राधिका आप्टे भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की सबसे प्रतिभाशाली अभिनेत्री में से एक हैं। उन्हें उनके स्वैग और स्टाइल के लिए भी जाना जाता है। फिल्में, वेब सीरीज और शॉर्ट मूवीज में सराहनीय काम कर चुकी इस अदाकारा का आज 39वां जन्मदिन है। एक समय था, जब राधिका आर्थिक तंगी के कारण बहुत परेशान थीं और मामूली खर्चे भी उठाना इनके लिए एक बड़ी चुनौती थी। लेकिन अपने हुनर के दम पर अब वह करोड़ों की मालकिन हैं और एक लैविश लाइफ जीती हैं।



# बिपाशा ने करण के नए वेंचर की दिखाई झलक

अभिनेत्री बिपाशा बसु ने अपने पति और अभिनेता करण सिंह ग्रोवर के नए वेंचर 'वू वेई बाय स्टार इनफिनिटी आर्ट' की सोशल मीडिया पर एक झलक शेयर की। अभिनेत्री बिपाशा बसु के इंस्टाग्राम पर 14 मिलियन फॉलोअर्स हैं। इस प्लेरटफॉर्म पर उन्होंने एक रील वीडियो शेयर किया है। इसमें बिपाशा को शॉर्ट ब्लेक ड्रेस में देखा जा सकता है। वह इसमें अपनी बेटी देवी को गोद में लिए हुए हैं। देवी एक प्यारी सी ब्लेक फ्रॉक पहनी हुई है। मां-बेटी की जोड़ी अभिनेता करण सिंह ग्रोवर की आर्ट को देखती हुई नजर आ रही है। बिपाशा बसु ने इस पोस्टल को केप्शन देते हुए लिखा, ॽओम गण गणपतये नमः.. करण सिंह ग्रोवर हमें आप पर बेहद गर्व है और हम हर चीज के लिए भगवान के बहुत आभारी हैं.. आप वाकई में प्रतिभाशाली हैं..दुर्गा दुर्गा। इंस्टाग्राम पर 1.7 मिलियन फॉलोअर्स वाले करण ने भी एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें हम उन्हें मेहमानों को अपनी आर्ट को दिखाते हुए देख सकते हैं।

# दो पडोसी युवकों ने एक 12 साल की नाबालिग बालिका के साथ बारी- बारी से किया गैंग रेप

## आमोलपठा चौकी प्रभारी की सक्रिय कार्यवाही

**लाला परिहार आमोलपठा**
जिले के करैरा अनुविभाग के अन्तर्गत अमोला थाना की आमोलपठा पुलिस चौकी क्षेत्र में मजरा सिरनाम की खाच पर रहने वाली एक 12 साल की नाबालिग बालिका के साथ घर पर अकेली पाकर दो पडोस के युवकों ने दुष्कर्म को अंजाम दे दिया।आमोलपठा पुलिस ने अपराध पंजीबध्द कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक 12 साल की नाबालिग बालिका ने आमोलपठा पुलिस चौकी पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज कराई हैं मां व पिता बुधवार को सुबह एक रिश्तेदारी में चले गए




थे। नाबालिग बालिका को अकेली देखकर बुधवार की शाम करीब 5 बजे हनुमत पुत्र मेहरबान लोधी उम्र 33 साल निवासी आमोलपठा, सत्यभान पुत्र मानसिंह कोली उम्र 32 साल निवासी आमोलपठा, दोनों घर में घुस आए और पूछने लगे कि तेरे मंम्मी- पापा कहा गए हैं। मैने कहा कि बाहर गए हुए हैं इतनें में दोनों ने एक साथ मेरे हाथ पकड़ लिए और अंदर कमरे में खींचकर ले गए दोनों ने बारी-बारी से मेरे साथ गलत काम कर दिया। माँ व पिता शाम को लौटे तो उन्हें देखकर दोनों मौके से भाग गए। वही आमोलपठा चौकी प्रभारी अभिमन्यु राजावत ने बताया कि दुष्कर्म का केस दर्ज कर मुखबिर की सूचना पर पुलिस फोर्स के साथ दोनों आरोपियो को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया है।

# नहाते समय 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला को सांप ने काटा, मंदिर पर ले गए परिजन, मुँह से झाग निकला तो जिला अस्पताल में कराया भर्ती, 2 घंटे बाद मौत |

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे से सतीश परिहार**

शिवपुरी- जिले के भोंती थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम माचमोर में एक बुजुर्ग महिला को नहाते समय सांप ने काट लिया. इसके बाद परिजन मंदिर पर महिला को ले गए. जब मंदिर पर महिला के मुंह से झाग निकलने लगा तो महिला को परिजनों ने जिला अस्पताल भर्ती कराया. जहां महिला ने उपचार के दौरान तोड़ दिया.जानकारी के अनुसार शांति गुर्जर उम्र 60 साल निवासी ग्राम माचमोर थाना भोंती आज सुबह 8 बजे अपने घर के पास बने पत्थरों के बाथरूम में नहा रही थी. तभी पत्थरों में एक सांप निकल आया. नहाते समय महिला को सांप ने काट लिया. इसके बाद बच्चों ने देखा की दादी नीचे गिरी पड़ी है. इसके बाद परिजन बुजुर्ग महिला को गाँव के मंदिर में ले गए. इसी दौरान महिला के मुँह से झाग निकलने लगा. तब परिजन बुजुर्ग महिला को जिला अस्पताल लेकर आए. अस्पताल नें भर्ती करने के 2 घंटे बाद महिला ने दम तोड़ दिया. पुलिस मामले की जाँच में जुट गई हैं.



# विधायक देवेन्द्र जैन और लिंक हॉस्पीटल द्वारा शिवपुरी में लगेगा नि :शुल्क चिकित्सा शिविर




**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी** - शिवपुरी विधायक देवेन्द्र जैन व लिंक हॉस्पीटल के सहयोग से विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। यह शिविर 10 सितम्बर को अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। जिसमें कई विषय विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा चिकित्सा परामर्श दिया जाएगा। इस शिविर में हृदय रोग, सामान्य रोग, सर्जरी, किडनी रोड़, नाक, कान, गला, स्त्री रोग, हड्डी रोग व बाल रोग जैसी बीमारियों का परीक्षण किया जाएगा। खास बात यह है कि इस शिविर में ईसीजी एवं पैथोलॉजी की सभी जांच की सुविधायें रहेंगी। शिविर में मरीजों की जांच एवं इलाज निःशुल्क किया जाएगा। शिविर में आने से पहले आयुषमान कार्ड, आधार कार्ड व समग्र आईडी मरीज अपने साथ लेकर आयें। इसमें जटिल रोग एवं ऑपरेशन के मरीजों को शिविर स्थल से लिंक हॉस्पीटल ग्वालियर तक लाया एवं वापस भेजा जाएगा। इसमें निःशुल्क आवास भोजन जांच ऑपरेशन एवं दवाईयां भी शामिल रहेंगी।

# नरवर किले की 8 कुआ 9 बाबडी की तोड़फोड़ और विडियो बनाकर वायरल करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**




**शिवपुरी-** जिले के नरवर थाना क्षेत्र के प्राचीन किले पर स्थित 8 कुआ 9 बाबडी की तोड़फोड़ और विडियो बनाकर वायरल करने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने किस दर्ज होने के 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी नरवर केदार सिंह यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि नरवर के प्राचीन किले पर घूमने आए 1 युवक ने किले में तोड़फोड़ की।तालाब व कुओं के किनारे पर बनी जर्जर बाउंड्री वॉल को युवक ने पैर से धक्का मारकर गिरा दिया। युवक के साथ दो और लोग मौजूद थे।इनमें से एक युवक वीडियो बनाता रहा।इस दौरान तोड़फोड़ के दौरान युवक हंसता रहा। ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने तीनों युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना शुरू की।विवेचना के दौरान पुलिस को ज्ञात हुआ कि नरवर किले की 8 कुआ 9 बाबडी की दीबाल तोडने बाले (1) दीपेश झा पुत्र राम सिहं उम्र 23 साल (2) शिवम यादव पुत्र माधव सिहं उम्र 19 साल नि. ग्राम काली पहाडी थाना पिछौर (3) पवन झा पुत्र रामकुमार उम्र 22 साल नि. सिरसौद थाना अमोला जिला शिवपुरी को पकडा घटना मे प्रयुक्त मोटर साईकिल व मोवाईल फोन को जप्त कर आरोपीगणो के विरूद्ध कार्यवाही की गयी है।

**सराहनीय भूमिका** - निरीक्षक केदार सिहं यादव थाना प्रभारी नरवर, सउनि. परमाल सिहं प्रआर.217 विपिन यादव, प्रआर, 950 संजय यादव, आर. 944 सचिन यादव आर. 400 परिमाल सिहं आर. 4018 विक्रम जाट आर. 49 अजय माझी, आर.876 संतोष कुमार, आर. 627 घर्मेन्द्र सिहं कुशवाह आर.321 महेन्द्र सिहं आर.112 हुकुम सिहं, म.आर. 1088 कीर्ती आर.872 सायल खान आर. चालक 942 राजवहादुर चौकोटिया की भूमिका रही है।

# बेटी के जन्मदिन पर पिता ने जरूरतमंद को किया रक्तदान

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी - बेटी कुमारी वर्षा कुशवाह के जन्मदिन के उपलक्ष में शहर के फोटोग्राफर सुनील कुशवाह ने जिला चिकित्सालय शिवपुरी पहुंचकर अपनी बेटी के जन्मदिन को ड़ास बनाने के लिए हर साल रक्तदान करते हैं । इसी के चलते उन्होंने रविवार को अपनी बेटी वर्षा कुशवाह के जन्मदिन को यादगार बनाने के लिये लगातार तीसरी बार रक्तदान किया । सुनील कुशवाह कहते हैं कि उन्हें ऐसा करने से सुकून मिलता है और उनका ब्लड ग्रुप ओ पॉजिटिव



है, जो बहुत आसानी से उपलब्ध नहीं हो पाता, किसी का जीवन बचाने के लिये रक्तदान करना जरुरी है । अपने लिये तो सभी जीते हैं, पर दूसरे के लिये जीना बड़ी बात और समाज सेवा है । ब्लड डोनेट करके लोगों की मदद की जा सकती है । रक्तदान न केवल अन्य व्यक्ति के जीवन को बचाता है, बल्कि यह देने वाले को स्वस्थ बनने में भी मदद करता है, इसलिये यह दोनों के लिये फायदेमंद है - यही सोचकर उन्होंने अपनी बेटी के जन्मदिन पर हर साल रक्तदान करने का निर्णय लिया है ऐसे में रक्तदान के समय मौड़े पर मौजूद वरिष्ठ फोटोग्राफर वेलफेयर सोसाइटी के सदस्य धर्मेंद्र जोशी जी, और विवेक श्रीवास्तव जी की मौजूदगी में रक्तदान किया

# भारतीयम पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ




डा. राधाकृष्णन सर्वपल्ली के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। नरवर विकास खण्ड में शिक्षक दिवस पर भारतीयम पब्लिक स्कूल के छात्रों और शिक्षकोंने कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में विकासखण्ड अधिकारी आकाश यादव मौजूद रहे यादव ने शिक्षा के विषय पर बच्चों का मार्गदर्शन किया साथ ही किस प्रकार से एक शिक्षक बिना किसी स्वार्थ के केबल बच्चों की उन्नति के लिए मेहनत करता है यह बताया प्रोग्राम में छात्रों द्वारा बहुत सुंदर सुंदर प्रस्तुति दी गई जिसमें, बच्चों द्वारा जगत गुरु श्रीकृष्ण जी के जीवन की लीलाओं को अपने नृत्य द्वारा प्रस्तुत किया, और एकलव्य और गुरु द्रोणाचार्य की गाथा , और गुरु का महत्व नृत्य के जरिए बताया उसी क्रम में तुझमें प्रभु दिखता है गीत गाकर और छोटे छोटे बच्चों ने ओ टीचर तुम हो मेरे सर का ताज डांस सभी टीचर्स को समर्पित किया।कार्यक्रम में अतिथि के साथ शिक्षकों का सम्मान किया।

# नरवर में BJP अल्पसंख्यक मौर्चा उपाध्यक्ष सलीम कुरैशी समेत 7 जुआ खेलते गिरफ्तार





**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- जिले के नरवर कस्बे में पुलिस ने शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर जुआ खेल रहे 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का उपाध्यक्ष भी शामिल है। पुलिस ने सभी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की है।जानकारी के मुताबिक नरवर नगर परिषद के वार्ड नंबर 6 के अंतर्गत आने वाले नरवर पब्लिक स्कूल के पास दीवार की आड़ में जुए का फड़ संचालित हो रहा था। नरवर थाना पुलिस ने शुक्रवार को दबिश देकर 7 जुआरियों को पकड़ा है। पुलिस ने सिकंदरपुर निवासी देशराज पुत्र सुमेर सिंह जाटव से 2 हजार रु., भाजपा अल्पसंख्यक मौर्चा उपाध्यक्ष मोमिनपुरा निवासी सलीम पुत्र रहीम मोहम्मद कुरेशी से 1200 रु. ग्राम बरखाड़ी निवासी अतरसिंह पुत्र देवीलाल कुशवाह से 1500 रू., वार्ड 6 नरवर निवासी कय्यूम खां पुत्र मुस्ताक खान से 2000 रू., दीनदयाल नगर निवासी रामू शर्मा पुत्र जगदीश शर्मा से 1500 रु., कन्या स्कूल के पीछे नरवर निवासी संचित शिवहरे पुत्र रतनलाल शिवहरे से 1500 रू. और ग्राम कांकर निवासी राजू जाटव पुत्र श्रीपत जाटव से 4900 रु. जब्त किए हैं। सातों जुआरियों से कुल 14600 रु. नगद जब्त हुए हैं। बता दें कि, 3 सितंबर ठीक इसी फड़ पर छापामार कार्रवाई की थी। जिसमें पांच जुआरियों को दबोचकर 8130 रु. जब्त किए थे।वहीं इस संबंध में जब भाजपा जिलाध्यक्ष राजू बाथम की प्रतिक्रिया लेने के लिए फोन किया तो उन्होंने कई बार फोन लगाने के बाद भी फोन नहीं उठाया।

# उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ के मंडल अध्यक्ष मंडल महामंत्री मंडल उपाध्यक्ष का चुनाव हुआ सम्पन्न




आगरा जनपद के ब्लॉक एत्मादपुर पर उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ का मंडल अध्यक्ष मंडल महामंत्री मंडल उपाध्यक्ष का आगरा मंडल आगरा का चुनाव कराया गया जिसमें सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारी ने तीनों पद के दावेदारों को निर्विरोध कराया गया जिसमें मंडल अध्यक्ष के पद पर रघुवीर सिंह माहोर को निर्विरोध चुना गया मंडल महामंत्री के पद पर प्रदीप कुमार चौधरी को निर्विरोध चुना गया चुना गया वही मंडल उपाध्यक्ष के पद पर वासुदेव व पंकज करोतिया को निर्विरोध चुना गया सभी लोगों ने फूलमालों के साथ स्वागत किया चुनाव के दौरान चुनाव अधिकारी मुकेश कुमार मल्होत्रा जिला अध्यक्ष अलीगढ़ अमन खान जिला प्रभारी अलीगढ़ रवि कुमार बघेल जिला कोषाध्यक्ष अलीगढ़ राजेश पथिक जिला मंत्री अलीगढ़ की की मोजुदगी में निर्विरोध चुना गया कार्यक्रम के दौरान धनेश कुमार संजय भदोरिया जगदीश प्रसाद बघेल नरेंद्र सिंह सोलंकी योगेंद्र सिंह चाहर ब्रह्म प्रकाश ज्ञानचंद चंद्रगुप्त नीरज पाल आलोक कुमार जितेंद्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे

# बीती रात कार सवार युवकों से विवाद के बाद जैन समाज के अध्यक्ष पर भीड़ का हमला, दो घायल

## झगड़े की सूचना पर एसीपी के साथ दौड़ा पुलिस फोर्स, हमले के विरोध में प्रदर्शन संग बाजार बंदी

आगरा जनपद के कस्बा एत्मादपुर के मोहल्ला जैनगंज में बीती रात समुदाय विशेष के कार सवार चार युवकों से रास्ते में खड़ी स्कूटी को लेकर हुई मामूली कहासुनी के बाद युवकों के बुलावे पर भीड़ ने जैन समाज के अध्यक्ष पूर्व सभासद विनय कुमार जैन अन्ना पर हमला बोल दिया। इस दौरान उनके पुत्र समेत दो लोग घायल हो गए। झगड़े की सूचना मिलने पर एसीपी पीयूष कांत राय और थाना प्रभारी विजय विक्रम सिंह फोर्स के संग मौके पर पहुंच गए। पुलिस को आता देखकर आरोपी पक्ष के लोग मौके से भाग खड़े हुए। विनय कुमार जैन अन्ना की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पक्ष के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। इधर झगड़े के बाद बने तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए नगर के सभी जैन मंदिरों समेत पैंठ वाली गली में पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया है। वहीं आज सुबह से कस्बा में जैन समाज के प्रतिष्ठान बंद हैं। सुबह नौ बजे से बाजार बंद करा दिया गया है?। कस्बा के मैन बाजार स्थित मोहल्ला जैनगंज की पैंठ वाली गली में बीती रात साढ़े नौ बजे एक कार में सवार समुदाय विशेष के चार युवक मुस्लिम बस्ती मोहल्ला शत्रुवान की ओर जा रहे थे। मुस्लिम बस्ती के किनारे पर ही सकल दिगम्बर जैन समाज का प्राचीन मंदिर है। आज शुरू हुए दस लक्षण महापर्व की बीती रात को मंदिर पर तैयारी चल रही थी। आरोप है कि कार सवार युवकों का जैन समाज के अध्यक्ष विनय कुमार जैन अन्ना से उनके प्रतिष्ठान के सामने खड़ी स्कूटी को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद युवकों ने फोन करके मुस्लिम बस्ती के 4-5 दर्जन लोगों को बुला लिया। उन्होंने आते ही जैन समाज के लोगों से मारपीट कर दी?। इसकी सूचना मिलते ही एसीपी पीयूष कांत राय और थाना प्रभारी निरीक्षक विजय विक्रम सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस को देख आरोपी सभी लोग भाग खड़े हुए। झगड़े में घायल होने वाले अतुल कुमार जैन और जयेश जैन को पुलिस तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले गई। इस मामले में पुलिस ने विनय कुमार जैन अन्ना की तहरीर पर आरोपी पक्ष के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। मुकदमा में मोहल्ला शत्रुवान निवासी पुन्नी खां के पुत्र और नातियों के संग 50- 60 अज्ञात लोगों को अरोपित किया गया है। पुलिस का कहना है कि कार निकालने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था। तहरीर के आधार पर अभियोग दर्ज कर किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। इधर झगड़े के बाद तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए रात को ही कस्बा के सभी जैन मंदिरों के अलावा पैंठ वाली गली में पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया है। वहीं आज सुबह दस लक्षण महापर्व के पहले दिन जिनालयों में पूजा के उपरांत रात की घटना से आक्रोशित जैन समाज के लोग सड़क पर उतर आए और प्रदर्शन करने हुए बाजार बंद करा दिया।इधर बाजार बंदी को लेकर पुलिस सकते में आ गई। साढ़े दस बजे पुलिस अधिकारियों ने जैन समाज के लोगों को व्यापार मंडल के अध्यक्ष राम प्रताप सिंह तोमर के साथ बुलाकर थाना में बैठक कर समझा-

## कीलों व मुंहासों से कैसे पाई जाए नजात



- हरी व रेशेदार सब्जियां भोजन में शामिल करें और अपना पेट भी साफ रखें.
- कीलमुंहासे होने पर आयोडीन का प्रयोग कम करें क्योंकि इस से इन में पस पड़ने का भय रहता है.
- जिंकयुक्त मल्टी विटामिन लें.
- तनावमुक्त रहें.
- केशों में स्टाइलिंग प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल कम करें. उन के प्रकार के अनुरूप शैंपू से ही उन्हें साफ करें.
- त्वचा पर आयल फ्री सौंदर्य प्रसाधनों का ही प्रयोग करें और मेकअप भी लाइट ही करें.मुंहासों को हटाने के लिए किए जाने वाले उपचार को केवल मुंहासों पर ही न कर पूरे चेहरे पर प्रयोग करें.उन आदतों को छोड़ दें, जो मुंहासों को और बढ़ाएं जैसे ठोड़ी को फोन से लगाना, अपने गंदे हाथों को चेहरे पर लगाना, बारबार चेहरे को छूना.
- मुंहासों को दबाएं या फोड़ें नहीं वरना वे और बढ़ जाएंगे और उन के सूख जाने पर चेहरे पर निशान भी पड़ जाएंगे.अपनी त्वचा के अनुरूप क्लींजर का प्रयोग करें. उस से चेहरे को प्रतिदिन 2-3 बार धोएं.चेहरे को न तो बारबार धोएं और न ही जोर से रगड़ें.

# एक्ने सौंदर्य पर दाग



यदि चेहरे पर मुंहासों जैसे ढेर सारे दाने पास-पास और गुच्छे की शक्ल में हों और बहुत दिनों तक बने रहे तो सावधान हो जाइए। यह एक्ने हो सकता है। अगर आपके परिवार में एक्ने की हिस्ट्री रही है यानी आपके मां या पिता को भी यह समस्या रही है तो भी आपको इससेबचाव की कोशिशें शुरू कर देनी चाहिए।

एक्ने त्वचा का एक डिसऑर्डर है। यह मुंहासों का ही बिगड़ा हुआ रूप है। फर्क यह है कि आमतौर पर मुंहासे जहां बिना किसी विशेष उपचार के किशोरावस्था के बाद स्वयं ही ठीक हो जाते है, वहां एक्ने के साथ ऐसा नहीं होता और जब तक इसका सही ढंग से इलाज न हो, यह ठीक नहीं होता।

**क्यों होता है एक्ने**

त्वचा के नीचे स्थित सिबेशस ग्लैंड्स से त्वचा को नमी देने के लिए तेल निकलताहै। ये ग्लैंड्स चेहरे, पीठ, छाती और कंधों पर सबसे ज्यादा होते है। अगर ये ज्यादा सक्रिय हो जाएं तो रोमछिद्र चिपचिपे होकर ब्लॉक हो जाते है और उनमें बैक्टीरिया पनपने लगते हैं जो एक्ने का कारण बनते है। सामान्य स्थिति में सूर्य की किरणें इनको पनपने नहीं देतीं। सिबेशस ग्लैंड्स की अति सक्रियता की प्रमुख वजह एंड्रोजन हार्मोन की अधिकता है। एंड्रोजन पुरुष सेक्स हार्मोन है और यह लड़के और लड़कियों दोनों में ही होता है। किशोरावस्था में इसका सिक्रीशन ज्यादा होता है।

कई लड़कियों को पीरियड्स से पहले हर बार मुंहासे निकल आते है जो बिगड़कर एक्ने का रूप ले सकते है। ऐसा ओव्यूलेशन के बाद प्रोजेस्टरॉन हार्मोन के ज्यादा सिक्रीशन की वजह से होता है। इससे त्वचा पर छोटे-छोटे दानों के गुच्छे से बन जाते है। इसी तरह सिबेशस ग्रंथियों से उत्पन्न सीबम त्वचा के पिगमेंट से मिलकर रोमछिद्रों को ब्लॉक कर देता है तो ब्लैकहेड्स बनते है। अगर त्वचा की अंदरूनी परत में सीबम जमा हो जाता है तो व्हाइटहेड्स बनते हैं। कई बार ब्लैकहैड्स और व्हाइटहेड्स त्वचा के भीतर फैलने के बाद फूट जाते है, जिससे बाहरी त्वचा पर एक्ने और फैल सकता है।

**टॉक्सीन भी है कारण**

शरीर में जरूरत से ज्यादा टॉक्सिक तत्व भी एक्ने का कारण हो सकते है। त्वचा का एक महत्वपूर्ण कार्य पसीने के जरिए शरीर से टॉक्सिक तत्वों को बाहर निकालना है। ऐसे में अगर टॉक्सिक तत्व बहुत ज्यादा हो जाएं तो इस पूरी प्रक्रिया में त्वचा के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है।

इसके अलावा एलर्जी, तनाव, जंकफूड, सैचुरेटड फैट, हाइड्रोजेनेटेड फैट और पशु उत्पादों के प्रयोग, कुपोषण और प्रदूषण से भी एक्ने की संभावना बढ़ जाती है। कुछ दवाओं जैसे स्टीरॉयड, ओरल कांट्रेसेप्टिव पिल्स और मिरगी की दवाओं आदि के रिएक्शन से भी एक्ने हो सकता है।

**बचाव**

कुछ बातों का ध्यान रखा जाए तो एक्ने को रोका जा सकता है, कम से कम उसका ज्यादा बढ़ना तो कम किया ही जा सकता है। बेहतर होगा कि आप मुंहासे निकलते ही एक्ने की रोकथाम के उपाय शुरू कर दें

**खान-पान**

भोजन में ऐसी चीजें लें जिनमें फैट और मसालों की मात्रा बहुत कम हो। अधिक चिकनाई, तेज मीठा, स्टार्चयुक्त और मसालेदार भोजन से एक्ने की संभावना काफी बढ़ जाती है। इसलिए ऐसे भोजन से बचें।

1. रेशेदार पदार्थ अधिक मात्रा में लें। इससे पेट साफ रहता है और शरीर के विषाक्त पदार्थ भी कॉमीडोनिक एक्ने

**इनफ्लैमेटरी एक्ने**

**नॉनडुलोसिस्टिक एक्ने**

पहले प्रकार के एक्ने में ब्लैकहैड्स और व्हाइटहैड्स आते है। इसके उपचार के लिए रेशियोनिक एसिड क्रीम लगाने की सलाह दी जाती है छह से आठ हफ्ते में इस तरह का एक्ने ठीक हो जाता है। दूसरी तरह के एक्ने में कीलों के साथ लाल दाने हो जाते है। इसके लिए एंटीबायटिक दवाएं दी जाती है। तीसरी तरह के एक्ने में त्वचा पर सिस्ट हो जाते है। इसके लिए आईसोट्रीट्वाइन नामक कैप्सूल दिए जाते है। इस तरह के एक्ने का इलाज लगभग 8 महीने चलता है और एक महीना पूरा होने पर लगभग दस प्रतिशत अंतर नजर आने लगता है। अंतिम प्रकार के एक्ने के ठीक हो जाने के बाद चेहरे पर गड्ढेनुमा दाग पड़ जाते है, जिन्हें हटाने के लिए लेजर थेरेपी का प्रयोग किया जाता है।

## जब बालों में रूसी हो जाए



**चेहरे** के सौंदर्य में बालों का महत्वपूर्ण स्थान है लेकिन महिलाएं उस समय चिंतित हो उठती हैं जब उनके बालों में रूसी हो जाती है. रूसी सिर की मृत त्वचा का ही एक रूप होता है जो खुश्की के कारण बालों में जम कर सिर खुजलाने तथा सिर की त्वचा को जख्मी बनाने का काम करता है. बालों को स्वस्थ, निरोग तथा सुरक्षित रखने के लिए निम्न उपायों को करिए:-

* बालों की नियमित धुलाई के लिए आंवला तथा शिकाकाई पाऊडर बना कर रख लीजिए. सिर धोने से एक घंटा पहले गर्म पानी में इस मिश्रण का घोल बना लें और उससे सिर धोएं. इससे बाल चिकने तथा स्वच्छ होते हैं.
* सिर धोने के कुछ देर बाद बालों में कुछ देर तक ब्रश करके रूसी से छुटकारा पा सकते हैं. शैम्पू करने के बाद गीले बालों में सिरके वाले पानी को डालिए और उंगली के पोरों से धीरे-धीरे मलिए. फिर शुद्ध पानी से धो डालिए. रूसी गायब हो जाएगी.
* बथुए को पानी में उबाल कर उसके पानी से सिर धोकर रूसी को भगाइए.
* एक कटोरी बेसन लेकर उसमें दो चम्मच दही डालकर थोड़े पानी के साथ घोल तैयार कर लें. इस घोल से सिर धोइए. नियमित प्रयोग से रूसी गायब होती है.
* बालों को गर्म पानी से कभी मत धोइए. इससे उनकी जड़ें कमजोर होती हैं. गीले बालों में कंघी करने से बाल कमजोर होकर टूटते हैं. बाल धोते समय पानी में एक नींबू का रस निचोड़ दीजिए. इससे सिर का मैल दूर होकर बालों की चमक को बनाए रखता है.

## रंगों में फैशन

आपके साथ भी ऐसा कभी हुआ होगा कि किसी ने दूर से ही देखकर आपके परिधान की रंग की तारीफ कर दी हो। वे रंग ही हैं, जिन पर सबसे पहले लोगों की नज़र पड़ती है और जिसका असर लोगों पर लम्बे समय तक बना रहता है।

कौन-सा रंग कब पहना जाना है, अवसर क्या है, जहां जा रहे हैं, वहां का वातावरण कैसा होगा, अगर पार्टी है तो किस समय है आदि बातों का भी रंगों के चयन पर असर पड़ता है। दिन-रात और शाम का ध्यान भी रखना ज़रूरी है।

ज़रा अपने वॉर्डरोब पर एक नज़र डालिए। किस तरह के रंगों की प्रधानता दिखाई देती है? क्या आपकी अल्मारी तरह-तरह के रंगीन कपड़ों से भरी है? या सिर्फ एक-दो रंग, जिन्हें आप अक्सर पहनती हैं? ध्यान से देखें तो आप पाएंगी कि गिने-चुने रंग ऐसे हैं जिन्हें बाज़ार से आप अक्सर ले आती हैं। इसके पीछे आपकी मानसिक भावनाएं काम करती हैं। हम महसूस करें न करें लेकिन प्रतिदिन रंगों का असर हम पर होता है। नाखुश होने पर हम चुनाव करते हैं ग्रे, भूरे या फिर काले जैसे रंगों का। जानते हैं क्यों? क्योंकि उस समय यह रंग हमारी भावनाओं से मेल खाते हैं। ठीक इनके विपरीत रंगों यानी खुशरंगों का चुनाव हम हल्के मूड के दौरान करते हैं।

वैज्ञानिक रूप से यह भी पता चलता है कि आपके कपड़ों के हर रंग का एक कलर मैसेज होता है यानी एक संदेश जो सिर्फ रंग व्यक्त करते हैं और देखने वाला ग्रहण करता है। जैसे ही आप किसी समारोह या सामाजिक स्थल पर पहुंचते हैं, रंग अपना मैसेज लोगों तक पहुंचा देते हैं।



शोध ने साबित किया है कि पहना हुआ रंग, व्यक्ति की भावनाओं पर तो असर करता ही है, देखने वाले के हार्मोंस, रक्तचाप और शरीर के तापमान पर भी असर डालता है। इसीलिए सलाह दी जाती है कि अवसर देखकर रंग चुनें। जैसे किसी बिज़नेस मीटिंग के लिए चुनी गई सफेद शर्ट के साथ लाल जैकेट आपमें आत्मविश्वास और ऊर्जा दर्शाती है। लेकिन बिजनेस मीटिंग के लिए लेस लगे कुर्ते या टॉप का चुनाव सही नहीं होगा। किसी जॉब इंटरव्यू पर जाने के लिए भी सही रंग का चुनाव करना बहुत ज़रूरी होता है। यहां चटख रंग वाले कपड़े जहां साक्षात्कार लेने वाले का ध्यान भटकाएंगे, वहीं आपके व्यक्तित्व के बारे में गलत संदेश भी दे सकते हैं।

आइए, समझते हैं रंगों में निहित मुखर संदेशों को

पीला रंग- यह रंग लोगों का ध्यान आकर्षित करता है और नई शुरूआत प्रारंभ करना दर्शाता है।

लाल-पीला रंग- यह रंग ऊर्जा देता है और संवाद जारी रखने की प्रेरणा देता है।

लाल- आत्मविश्वास दिखाता है, परंतु इसका इस्तेमाल संभाल कर करना चाहिए।

मैरून- शिष्टता दर्शाता है।

मध्यम नीला- यह रंग दूसरों को सहज बनाता है और संवाद की प्रक्रिया आराम से जारी रखने में मदद करता है।

आसमानी नीला- शांति और स्थिरता का रंग।

नेवी ब्लू- यह रंग इस बात का संदेश देता है कि लोग आपको गंभीरता से लें। यह श्रोताओं को सुनने और आप पर भरोसा करने की प्रेरणा देता है।

नीला-लाल- यह बुद्धिमत्ता और नारीत्व दर्शाता है।

लाल-नारंगी- यह शक्ति, सृजनात्मकता और ऊर्जा का रंग है।

सावधानियां- रंग के चुनाव के साथ इस बात का भी ध्यान रखें कि वह आपकी शारीरिक बनावट और त्वचा के रंग के अनुरूप हो।

कपड़े खरीदने जाते समय खुश मूड में जाएं। अगर मन उदास होगा, तो रंगों के चयन पर उसका असर पड़ेगा।

## सौंदर्य समस्याएं- उपयोगी टिप्स

### सलोनी रंगत के लिए

आपकी त्वचा की रंगत यदि सलोनी है तो रात को सोने से पूर्व जैतून के तेल में जाफरान और थोड़ा-सा नींबू का रस मिलाकर चेहरे की त्वचा के साथ गर्दन व हाथ-पैरों पर भी लगाएं, इसके प्रयोग से त्वचा की रंगत में आश्चर्यजनक निखार आता है।

### आंखों के काले घेरों के लिए

आंखों के काले घेरे अच्छे-भले सौंदर्य को नष्ट कर देते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए आप पुदीने के रस में खीरे को पीस कर भली-भांति पेस्ट बना लें और आंखों के काले घेरों पर 10 मिनट तक लगा रहने दें। इसके प्रयोग से आंखों के काले घेरों की समस्या का समाधान शीघ्र हो जाएगा।

### बालों की रूसी के लिए

बालों में यदि रूसी की समस्या उत्पन्न हो गई हो तो बालों को धोने से पूर्व अंडे की जर्दी बालों की जड़ों में भली-भांति लगाएं या फिर थोड़े गुनगुने पानी में सुहागा मिला लें और शैंपू करने के उपरांत इस पानी से बालों को अच्छी तरह से धो लें। इसके प्रयोग से बालों में रूसी की समस्या का समाधान होता है।

### शुष्क त्वचा के लिए

यदि चेहरे की त्वचा शुष्क और खुरदरी है तो आप चेहरे पर दही का प्रयोग करें। वहीं त्वचा की मसाज के लिए जैतून या फिर बादाम के तेल का प्रयोग करें। इसके प्रयोग से त्वचा का खुरदरापन दूर ही नहीं होगा। बल्कि त्वचा की रंगत में भी निखार आ जाएगा।

### बालों को कंडीशन करने के लिए

बालों को कंडीशन करने के लिए वैसे तो बाजार में असंख्य कंडीशनर मिल जाते हैं लेकिन घरेलू कंडीशनर के रूप में दही का प्रयोग अत्यधिक लाभदायक सिद्ध होता है।

### चेहरे की झुर्रियों के लिए

चेहरे की त्वचा पर यदि झुर्रियां पड़ गईं हों तो शहद को मास्क की भांति चेहरे पर सूखने तक लगाएं।

## निगमायुक्त के कड़े तेवरों के बाद गारंटी अवधि की सड़कों पर ठेकेदार ने की पेच रिपेयरिंग



ग्वालियर। निगम आयुक्त अमन वैष्णव की सख्ती के बाद अब पेच रिपेयरिंग के काम में तेजी आई है। सड़कों की खराब हालत का बीते दिनों नये निगमायुक्त ने निरीक्षण कर गारंटी अवधि की सड़कों पर ठेकेदारों द्वारा पेच रिपेयरिंग कराने के निर्देश दिये थे। निगमायुक्त के तीखे तेवरों के बाद अब ठेकेदारों ने पेचय रिपेयरिंग का काम तेज कर दिया है। निगमायुक्त अमन वैष्णव ने आम नागरिकों की सुविधा एवं सुगम यातायात के लिए शहर की सड़कों के गड्ढों को दुरुस्त करने के लिए गारंटी अवधि की सड़कों पर ठेकेदार द्वारा ही पेंच रिपेयरिंग का कार्य कराने के निर्देश दिए थे, जिसके क्रम में रविवार को वार्ड क्रमांक 32 के अंतर्गत रवि नगर एवं खे?ापति कॉलोनी, नौगजा रोड एवं वार्ड 31 में न्यू सकेत नगर कॉलोनी की गारंटी अवधि की सड़कों का पेच रिपेयर कार्य किया गया। कार्यपालन यंत्री प्रदीप जादौन ने बताया कि गारंटी अवधि की सड़कों पर ठेकेदार के द्वारा एवं अन्य स?कों पर नगर निगम द्वारा पेच रिपेयरिंग का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। निगम के अमले द्वारा फूलबाग, लक्क? खाना पुल, इंग्ले की गोट, सती विहार मछली मंडी, जमांहर गांव, दर्पण कॉलोनी आठ दुकान रोड के पास, ट्रांसपोर्ट नगर पार्किंग नंबर 1, राज एनक्लेव एमिटी यूनिवर्सिटी के पीछे, आदर्श नगर पिंटू पार्क, नारायण विहार गल्ला मंडी के सामने, हरी खेड़ा, काजल टॉकीज के पास, बदनापुरा मोती झील, फालका बाजार, दुष्यंत नगर, नाका चंद्रबदनी, बडागांव पुलिस चैकी के पास, पाटणकर बाजार से ऊंट पुल गिरिराज जी का मंदिर, खेरियामोदी गांव, रिलायंस पेट्रोल पंप के पास डीडी नगर, डीआरपी लाइन, सत्यनारायण की टेकरी, मेवाती मोहल्ला, लक्ष्मण तलैया एवं हनुमान घाटी सहित अन्य कई क्षेत्रों में पेंच रिपेयरिंग का कार्य कराया गया।

## घर में अचानक फैला हाईवाल्टेज करंट पिता-पुत्र की मौत, मां-बेटी घायल



**ग्वालियर।** अचानक आए करंट से पिता-पुत्र की मौत हो गई और मां-बेटी गंभीर घायल हो गई। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के बालाबाई के बाजार में रविवार सुबह की है। घटना का पता चलते ही घायलों को उपचार के लिए पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने पिता-पुत्र को मृत घोषित कर दिया। घायल मां और बेटी को एक निजी अस्पताल में उपचार के लिये भर्ती कराया गया है। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली थाना क्षेत्र के बालाबाई का बाजार निवासी 42 वर्षीय प्रेमदत्त शर्मा ज्योतिष का काम करते है। हाल ही में उनके मकान का निर्माण का काम चल रहा है तो उन्होंने अपने घर के बगल से ही एक मकान किराए से लिया है। जिसमें वह अपनी पत्नी ज्योति, बेटा पवित्र उर्फ कृष्णा, बेटी पलक के साथ रहते है। रविवार की सुबह अचानक उनके मकान में हाई वॉल्टेज करंट फैल गया, जिसकी चपेट में पवित्र उर्फ कृष्णा चपेट में आ गया। बेटे को करंट लगते देखकर प्रेमदत्त शर्मा उसे बचाने पहुंचे और वह भी करंट की चपेट में आ गए। प्रेमदत्त शर्मा और पवित्र की हालत देखकर पत्नी ज्योति, बेटी पलक के साथ उन्हें बचाने पहुंची तो वह भी करंट की चपेट में आकर बेसुध हो गई। अचानक हुई घटना और चीख-पुकार सुनकर प?ोसी एकत्रित हुए और प्रेमदत्त के भाई बलराम शर्मा को मामले की सूचना दी। जिसके बाद मकान की बिजली सप्लाई बंद कर उन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने प्रेमदत्त और पवित्र को मृत घोषित कर दिया। हादसे का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों के शवों पीएम हाउस पहुंचाया गया। इस मामले में टीआई कोतवाली राकेश सिंह का कहना है कि करंट लगने से पिता-पुत्र की मौत हुई है और मां-बेटी घायल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## चेम्बर में सोलर फेयर का समापन हुआ




ग्वालियर । सौर ऊर्जा के क्षेत्र में नवीन तकनीक से लोगों को जागरूक करने एवं इससे संबंधित उत्पादों को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री द्वारा 'चेम्बर भवन' में आयोजित किए गए 'सोलर फेयर' का भव्य रूप में समापन हुआ । चेम्बर अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष हेमन्त गुप्ता, उपाध्यक्ष डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव पवन कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष संदीप नारायण अग्रवाल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में अवगत कराया है कि इस 'दो-दिवसीय' आयोजन में न केवल ग्वालियर शहर, अपितु आसपास के शहरों से भी काफी संख्या में लोगों ने पधारकर, सौर ऊर्जा से संबंधित नई तकनीकी व उसके उत्पादों सहित सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी के संबंध में भी विस्तार से चर्चा कर, जानकारी प्राप्त की । साथ ही, प्रथम दिवस जिन विजीटर्स द्वारा जानकारियाँ ली गई थी, आज उनके द्वारा 'सोलर पैनल' लगाए जाने हेतु काफी संख्या में ऑर्डर बुक किए गए, इसके साथ आज जिन विजीटर्स द्वारा पूछताछ की गई हैं, शीघ्र ही उनके द्वारा भी ऑर्डर बुक किए जाएँगे। पदाधिकारियों ने बताया कि इस दो-दिवसीय आयोजन में पहल सोलर, ओम एनर्जी सॉल्यूशन, सी. पी. सोलर एनर्जी, म. प्र. सोलर ऊर्जा सोल्यूशन, पंजाब फ्रोजन इंटरप्राइजेज, जे. एस. टेक्नो इंजीनियरिंग, त्रिशान इंटरप्राइजेज, डिवीलाइन इंजीनियरिंग, सतीश सलूजा पॉवर, पिंगाक्ष एनर्जी, ए. एण्ड डी. मार्केटिंग कं., एस. जी. कन्स्ट्रक्शन्स, सन सोलर, शिवालिका क्लीनटेक प्रोजेक्ट्स प्रा. लि., अदविका इंटरप्राइजेज एवं ग्रीन एनर्जी फूडटेक इंटरप्राइजेज शामिल थी

# दुःखियों के आँसू पोंछ रही है स्पॉन्सरशिप योजना

ग्वालियर। मुसीबतों से जूझ रहे संजय कुमार और असमय आए संकट से परेशान सिमरन के बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और रोजमर्रा के खर्च का इंतजाम हो गया है। सरकार द्वारा असहाय व निराश्रित बच्चों की मदद के लिए संचालित स्पॉन्सरशिप योजना ने उन्हें आर्थिक संबल प्रदान किया है। इस योजना के तहत जल्द ही इनके बच्चों को प्रतिमाह 4000 ङ्क 4000 रूपए की आर्थिक सहायता मिलने लगेगी। श्रीनगर कॉलोनी ठाठीपुर निवासी श्री संजय कुमार ने बीते रोज ट्राइसकिल से कलेक्ट्रेट पहुँचकर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान को अपनी व्यथा सुनाई। दुखी मन से संजय कुमार बोले रेल दुर्घटना में मेरे दोनों पैर कट चुके हैं। घर में कोई कमाने वाला नहीं है, इससे मेरे दो बच्चों की प?ाई-लिखाई लगभग रूक सी गई है। मुझे आर्थिक मदद की जरूरत है। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने संजय कुमार का हौसला ब?ाते हुए कहा कि चिंता न करें, सरकार द्वारा संचालित स्पॉन्सरशिप योजना से आपके दोनों बच्चों को हर माह चार ङ्क चार हजार रूपए की आर्थिक मदद दिलाई जायेगी। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को जल्द से जल्द यह सहायता स्वीकृत कराने के निर्देश दिए हैं।

इसी तरह मैदाई मोहल्ला किलागेट ग्वालियर से अपनी वृद्ध सासू माँ के साथ पहुँचीं श्रीमती सिमरन डुडेजा ने कलेक्टर श्रीमती चौहान को अपनी परेशानी



बताते हुए कहा कि पति के असमय निधन से हमारा परिवार असहाय हो गया है। घर में बूड़ी सासू माँ और छोटी-छोटी दो बेटियां हैं। कमाई का कोई साधन नहीं है। इसलिए हम अपने बच्चों की फीस भी नहीं भर पा रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने सिमरन व उनकी सासू माँ को तसल्ली देते हुए कहा कि आपकी बेटियों की चिंता सरकार करेगी। जल्द ही आपकी दोनों बेटियों को स्पॉन्सरशिप योजना के तहत 4-4 हजार रूपए प्रतिमाह के हिसाब से आर्थिक सहायता मिलने लगेगी। ज्ञात हो ऐसे असहाय बच्चे जिनके माता-पिता का निधन हो गया है और घर में कमाने वाला नहीं है, उन बच्चों की मदद के लिये सरकार द्वारा मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना चलाई जा रही है। इसी तरह ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता में से किसी एक का निधन हो गया है अथवा घर में कमाई का साधन नहीं है उन बच्चों की मदद के लिए स्पॉन्सरशिप योजना संचालित है। दोनों योजनाओं के तहत असहाय बच्चे को 4 हजार रूपए प्रतिमाह सहायता प्रदान की जाती है। दुखी मन से मदद की आस में कलेक्ट्रेट पहुँचे संजय कुमार और सिमरन व उनकी सासू माँ को जब आर्थिक सहायता का पुख्ता आश्वासन मिला तो इन सभी की आंखें खुशी से छलक आईं। कलेक्ट्रेट से घर के लिए लौटते समय इन सभी के चेहरे पर सुकूनदायी मुस्कान साफ झलक रही थी। इन सभी का कहना था कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्पॉन्सरशिप योजना शुरू कर असहाय बच्चों के सुखद भविष्य का रास्ता खोला है।



## स्वामी ऋषभ देवानंद को मिला श्री शारदा शताब्दी सम्मान

ग्वालियर। गौसेवा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए श्री शारदा सर्वज्ञ पीठ द्वारा काशी में आयोजित 7वें श्री शारदा शताब्दी सम्मान 2024 समारोह में श्रीकृष्णायन संत स्वामी ऋषभदेवानंद को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें विशेष रूप से ग्वालियर में स्थित उनकी आदर्श गौशाला में 10 हजार से अधिक निराश्रित गौवंश के संरक्षण हेतु मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति एन. कोटेश्वर सिंह ने स्वामी ऋषभदेवानंद के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल गौसेवा के क्षेत्र में उनके समर्पण को दर्शाता है, बल्कि समाज के लिए एक प्रेरणा भी है। यह सम्मान न केवल मध्य प्रदेश बल्कि पूरे देश में गौ संरक्षण और सेवा के प्रति समर्पित लोगों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बनेगा।

## दतिया में हुआ उदयभान रजक का सम्मान

ग्वालियर। दो दिवसीय अखिल भारतीय साहित्यकार सम्मेलन मां पीतांबरा माई की नगरी दतिया में संपन्न हुआ जहां 13 राज्यों से श्रेष्ठतम कवि साहित्यकार एवं पत्रकार एकत्रित हुए कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार जगत शर्मा एवं सहसंयोजक भानु शर्मा ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन में पूर्व गृहमंत्री डॉ नरोत्तम



मिश्रा के सानिध्य में ब्लू स्टार होटल में यह राष्टीय स्तर का हिंदी सम्मेलन एवं सम्मान समारोह हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दतिया के एसपी धीरेंद्र मिश्रा,मुख्य वक्ता अंतरराष्टीय स्तर पर प्रसिद्ध भोपाल में माखनलाल चतुर्वेदी यूनिवर्सिटी के कुलपति कृष्ण गोपाल सुरेश रहे जिनका कार्यक्रम में सबसे बड़ा भाषा रत्न सम्मान हुआ कार्यक्रम में दतिया की महारानी सरोज राजे जी की उपस्थिति गरिमामयी रही एवं ग्वालियर से पीडब्ल्यूडी में अधिकारी अंशु सिंह भदौरिया उपस्थित रहीं जो कार्यक्रम की मार्गदर्शन सहयोगी भी रहती हैं अंशु सिंह भदौरिया की मां ग्वालियर की महान साहित्यकार अन्नपूर्णा भदोरिया जी के स्मृति में प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान स्मृति चिन्ह आए हुए सभी साहित्यकारों को दिए गए, साथ में अखिल भारतीय स्तर के इस महान आयोजन में इतनी महान हस्तियों की उपस्थिति के बीच एवं साहित्य जगत के मनीषियों से भरे सभागार में ग्वालियर से गीतकार एवं साहित्यकार उदयभान रजक का तालिया की गड़गड़ाहट के बीच सम्मान हुआ साथ में उदयभान रजक का वीर रस से भरा देशभक्ति गीत भी गूंजा इसके अलावा ग्वालियर से सिंधिया कन्या विद्यालय से विद्वान शिक्षक एवं साहित्यकार श्रीमती अनीता खरे का भी सम्मान हुआ इस उपलब्धि पर उनके इष्ट मित्रों ने उन्हें बधाई और भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी।

## निरंतर 05 वर्षो से जारी है हरे चारे की गौभोग सेवा



बजरंग भक्त मंडल द्वारा साल 2019 से प्रति सप्ताह निरंतर की जा रही सेवा के क्रम में आज दिनांक 08/09/24 को मंडल द्वारा सदस्यों एवं दान दाताओं के सहयोग से जनकताल स्थित गौशाला में 500 किलो हरे चारे की सेवा की गई जिसमे 200 किलो हरे चारे की सेवा गौसेवक शालिनी त्रिपाठी द्वारा, 117 किलो हरे चारे की सेवा गुप्त रूप से डीडवाना ओली वालो द्वारा ,100 किलो हरे चारे की सेवा अनिल गुप्ता जी डॉम्स वालों द्वारा, 80 किलो हरे चारे की सेवा गुप्त रूप से शर्मा जी द्वारा कुल लगभग 500 किलो हरे चारे की सेवा की गई।मंडल के सदस्य हिमांशु बघेल के जन्मदिन पर भी 500 किलो हरे चारे की सेवा एवं वृद्ध आश्रम में पोहा जलेबी के नाश्ते की सेवा की जाएगी। गौसेवा में मंडल के अध्यक्ष आशीष मंगल,उपाध्यक्ष अमन गर्ग,सचिव राकेश मंगल, कोषाध्यक्ष राम किशोर मंगल, कार्यकारिणी सदस्य विशाल अग्रवाल,संजीव गुप्ता,हरीश राठौर, पुनेश पाल,दीपक बघेल, विजय बंसल,अनुज गोयल आदि सदस्य उपस्थित थे।



## इनरव्हील क्लब ने कैंसर को लेकर बच्चों को जागरूक किया

### इनर व्हील क्लब द्वारा कैंसर अवेयरनेस उद्बोधन

कैंसर हॉस्पिटल की मदद से आज सरस्वती शिशु मंदिर नदी गेट पर डॉक्टर मोनिका जैन द्वारा कैंसर अवेयरनेस पर स्पीच दी गई स्कूल के बच्चों के पेरेंट्स को मोटिवेट करने के लिए उनको आज स्कूल में बुलाया गया था तथा डॉक्टर मोनिका जैन ने उन्हें सर्वाइकल कैंसर कितनी घातक है और इसे कैसे रोका जा सकता है बड़े अच्छे ढंग से समझाया तथा प्रेरित किया कि आप अपने बच्चों को वैक्सीनेशन लगवाए तथा वहां उपस्थित काफी लोगों ने अपने बच्चों के नाम भी दिए अनामिका अग्रवाल द्वारा मोनिका जैन का स्वागत किया गया तथा गिरजा सेठ पारुल अग्रवाल द्वारा उनकी टीम का स्वागत किया अध्यक्ष सुधा गुप्ता द्वारा प्रिंसिपल और अध्यापकों का स्वागत किया गया।

## फिल्म के दृश्य के माध्यम से घटना के संबंध में समझाए अलग-अलग दृष्टिकोंण

ग्वालियर । कानूनी प्रक्रिया को फिल्म के दृष्य के माध्यम से समझने एवं पृथक-पृथक दृष्टिकोण निर्मित करने की दृश्यम विधि पर उच्च न्यायालय खण्डपीठ परिसर में प्रशासनिक न्यायाधिपति न्यायमूर्ति श्री आनंद पाठक के मार्गदर्शन में शनिवार को कार्यशाला आयोजित की गई । इस कार्यशाला के माध्यम से अधिवक्ताओं, अन्वेशण एजेंसियों, अभियोजन अधिकारियों एवं न्यायिक अधिकारियों को दृश्यम विधि की बारीकियाँ समझाई गईं। कार्यशाला में न्यायमूर्ति श्री पाठक ने दृश्यम विधि को विस्तारपूर्वक रेखांकित किया। कार्यशाला में 12 मिनट की शोले फिल्म की क्लिप दिखाई गई थी , जिसमें डाकूओं का ट्रेन का पीछा करना व लूटना और फिल्म के पात्रों का डाकूओं के साथ लडना दिखाया गया था।

## सकारात्मक देखने से आपको सकारात्मक रास्ते नजर आएंगेः प्रो. मोहनदास

ग्वालियर। भारत में चंबल क्षेत्र, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में फैले चंबल के बीहड़ों को अक्सर बॉलीवुड फिल्मों में दिखाया जाता है, क्योंकि यहां के बीहड़ और सुरम्य परिदृश्य के साथ-साथ डाकुओं और अपराधियों के साथ इसका ऐतिहासिक जुड़ाव है। चंबल क्षेत्र डकैतों के जीवन पर केंद्रित बॉलीवुड फिल्मों के लिए एक लोकप्रिय स्थान रहा है।सकारात्मक देखने से आपको सकारात्मक रास्ते नजर आएंगे। चंबल फिल्म फेस्टिवल के माध्यम से इस क्षेत्र की रूढ़ीवादी छवि को खत्म करना हैं।यह बात शनिवार को गालव सभागार में चंबल संग्रहालय पंचनद और पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययन केन्द्र द्वारा आयोजित चंबल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन सत्र में ज्यूरी चेयरमैन और निदेशक प्रोफेसर मोहन दास ने कही।फिल्म निर्माता-निर्देशक अभिक भानु, एंकर और टेलीविजन सेलिब्रिटी डॉ. दीप्ति शर्मा, सामाजिक उद्यमी संजय कुमार, फिल्म अभिनेता आरिफ शहडोली, गीतकार सूर्य प्रताप राव रेपल्ली अतिथि के रूप में उपस्थित रहे वहीं अध्यक्षता जेयू के कुलगुरु प्रो. अविनाश तिवारी ने की। प्रो. एसएन महापात्रा के स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।इसी क्रम में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जेयू के कुलगुरु प्रो. अविनाश तिवारी ने कहा कि चंबल पर्यावरण की दृष्टि से सबसे अच्छा क्षेत्र है यहाँ नदियां अधिक है। चंबल नाम केवल दहशत वाला है। यहां चंबल सफारी है जो टूरिज्म की दृष्टि से बहुत ही अच्छा है। चंबल के छात्र प्रतिभाशाली छात्र है।चंबल के लोग कोमल हृदय वाले हैं। फिल्म एक ऐसा माध्यम है जिसके माध्यम से किसी भी क्षेत्र को अच्छा और बुरा दिखाया जा सकता है। फिल्म के माध्यम से फिल्म निर्देशक अच्छा संदेश देते हैं। चाहे वह समाज की कुरिति हो या समाज की कोई भी समस्या।फिल्म आपको किसी भी विषय पर सोचने के लिए विवश करती है। फिल्म हमेशा बोलती है।उन्होंने कहा कि चंबल अंचल की कला, प्रतिभा और साहित्य वैश्विक पटल पर स्थापित है। डॉ.दीप्ति शर्मा ने कहा कि कोई भी विचार हमेशा भाव से व्यक्त होते हैं। आप किसी भी क्षेत्र को अपने भाव से बदलने की क्षमता रखते हैं। आप किसी भी क्षेत्र की स्थिति को अपने अनुकूल बदल सकते हैं।प्रो.एसएन महापात्र ने कहा कि शॉर्ट फिल्म बनाने और सीखने का अवसर छात्रों को मिलेगा। चंबल पर कोई मूवी बनती है तो डाकू और बीहड़ दिखाए जाते है।

# लायंस क्लब ग्वालियर सेंट्रल का शपथ ग्रहण संपन्न

**ग्वालियर।** लायंस क्लब ग्वालियर सेंट्रल का शपथ ग्रहण समारोह सिटी सेंटर स्थित रेशम तारा रिसोर्ट में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वर्ष 2024-25 के अध्यक्ष लायन राजेश वाटवानी ने शपथ लेते हुए कहा कि परोपकार ही सर्वश्रेष्ठ मानव धर्म है। इसी भावना के साथ लायनस्टिक वर्ष में हमारी टीम कार्य करेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लायंस इंटरनेशनल के अंतर्राष्टीय निर्देशक एम जे एफ लायन पंकज मेहता ने अपने उदबोधन में लॉयन्स की अंतरराष्टीय गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने क्लब के इस वर्ष के सचिव लायन गिरीश गाबरा, कोषाध्यक्ष लायन मोहित गौतम के साथ सेंट्रल 2024-25 की कार्यकारिणी को भी लायनिस्म की शपथ दिलायी।. कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन एम जे एफ लायन अजय सपरा ने किया। उप संयोजक लायन सुमित कुकरेजा रहे कार्यक्रम का प्रारंभ क्लब सचिव लायन गिरीश गाबरा ने ध्वज वंदना एवं राष्टगान के साथ किया। निवर्तमान अध्यक्ष लायन विवेक सेठी ने अपने उदबोधन में पिछले कार्यकाल के कार्यों का बताया एवं आये हुए अतिथियों का स्वागत किया।




क्लब के निवर्तमान सचिव लायन अजय बत्रा एवं निवर्तमान कोषाध्यक्ष लायन रोशन गाबरा ने कॉलर परिवर्तित कर इस वर्ष के सचिव एवं कोषाध्यक्ष को प्रदान किये एवं आने वाले वर्ष के लिए पूर्ण सहयोग करने का अश्वासन दिया। इंटरनेशनल डायरेक्टर साहब के प्रोटोकोल ऑफीसर पूर्व रीजन चेयरपर्सन लायन सुनील शर्मा रहे।की नोट स्पीकर एवं इंडक्शन ऑफिसर एम जे एफ लायन नितिन मांगलिक ने क्लब में इस वर्ष शामिल हुए 21 नये सदस्यों को लायनिस्म की शपथ दिलवायी। शपथ ग्रहण समारोह क्लब के इतिहास में प्रथम बार संगीतमय थीम पर हुआ। मंच पर विराजमान अतिथियों वी डी जी लायन सुधीर वाजपेयी एवं स्टार ऑफ़ द इवनिंग पी डी जी लायन विकास गंगवाल ने अपने उदबोधन में क्लब के कार्यों की प्रशंसा करते हुए क्लब को शुभकामनाएं दी।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478